www.aksharsamrat.com

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# अक्षर सम्राट

भोपाल | वर्ष : 05, अंक : 120 | शनिवार 15 अप्रैल 2023 | कुल पृष्ठ-08, मूल्य : 2.00 रुपए

**सुविचार**

किसी के प्रति मन में क्रोध लिये रहने की अपेक्षा उसे तुरंत प्रकट कर देना अधिक अच्छा है, जैसे क्षणभर में जल जाना देर तक सुलगने से अधिक अच्छा है।




पेज-6 »

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बैसाखी पर गिरा फुटब्रिज, 1 बच्ची की मौत, 80 लोग घायल

**25 को जिला अस्पताल रेफर किया गया। आधे घंटे में निकासी की गई। गंभीर हालत में 5 घायलों को जम्मू रेफर किया**

उधमपुर।



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के चेनानी ब्लॉक के बैन गांव के बेनी संगम में बैसाखी उत्सव के दौरान फुटब्रिज गिर गया। 50 फीट लंबे इस पुल पर डेढ़ सौ से अधिक लोगों की भीड़ जुट गई थी, जबकि इसकी क्षमता एक बार में 20 लोगों के गुजरने की है। वैशाखी के चलते शुक्रवार को वैणी संगम मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए खास व्यवस्था नहीं की थी। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। जबकि 80 लोग जख्मी हुए हैं। मेले के दौरान कई लोग देविका में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान पुल पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे यह टूट गया और लोग गिरने लगे। कई लोग जान बचाने के लिए पुल की रेलिग पकड़कर लटक गए। सभी को चिनैनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसी दौरान जीएमसी में उपचार के दौरान 10 वर्षीय बच्ची अन्नू ने दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डा. जितेंद्र सिह ने कहा कि घटना को लेकर वह प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में हैं। जम्मू संभाग के मंडलायुक्त रमेश कुमार ने बताया कि पुल ओवरलोडिग के कारण ढह गया।

## कोरोना काल:राजधानी में 15 नए मरीज और मिले, इंदौर में एक मरीज की मौत

भोपाल।



कोरोना संक्रमण थमता नजर नहीं आ रहा है। शुक्रवार को राजधानी में 15 तो प्रदेश में 42 नए मरीज सामने आए। इंदौर में एक कोरोना मरीज की इलाज के दौरान मौत भी हुई है। इससे दो दिन पहले ही राजधानी में भी एक महिला मरीज की मौत हुई थी।

इसी तरह पिछले एक हफ्ते में प्रदेश में चार कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है। जान गंवाने वाले मरीजों में इंदौर के दो जबकि, भोपाल और जबलपुर का एक-एक मरीज शामिल हैं। शुक्रवार को प्रदेश में 42 मरीजों में 15 सबसे ज्यादा भोपाल में जबकि इंदौर और राजगढ़ में 7-7, ग्वालियर में 6, सीहोर में 3, रायसेन में 2 के अलावा नर्मदापुरम और सागर में 1-1 मरीज मिले।

### अमित शाह ने ममता सरकार पर बोला हमला

## जनता से की लोकसभा चुनाव में बंगाल की 42 में से 35 सीटें जिताने की अपील



कोलकाता।

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता अमित शाह ने शुक्रवार को यहां एक रैली में ममता सरकार व तृणमूल कांग्रेस पर करारा हमला बोलते हुए लोगों से अगले लोकसभा चुनाव में बंगाल की 42 में से 35 सीटें जिताने की अपील करते हुए कहा कि ऐसा होने पर 2025 से पहले ही ममता सरकार गिर जाएगी। ममता बनर्जी पर हिटलर जैसा शासन चलाने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि भाजपा हिटलरशाही नहीं चलने देगी। इस साल के अपने पहले बंगाल दौरे में बीरभूम जिले के सिउड़ी में रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी जनता के लिए काम नहीं करतीं, उनका एकमात्र लक्ष्य अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि उनका यह सपना ही रह जाएगा, बंगाल का अगला सीएम भाजपा का ही होगा। केवल भाजपा ही भ्रष्ट टीएमसी से लड़ सकती है और उसे हरा सकती है। शाह ने दावा किया कि राज्य में भाजपा 35 से ज्यादा लोकसभा सीटें और देश में 300 से अधिक सीटें जीतेंगी। नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

रामनवमी पर बंगाल में हुई हिंसा को लेकर घेरते हुए शाह ने कहा कि तृणमूल की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण शोभायात्राओं पर हमले की ये हिम्मत बढ़ी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आप 2024 के चुनाव में मोदी जी को 35 सीटें देकर फिर से भाजपा की सरकार बना दें, बंगाल में रामनवमी जुलूस पर हमला करने की कोई हिम्मत नहीं करेगा। साथ ही ममता सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी। भाजपा ने बंगाल में 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 सीटें जीती थी।

शाह ने बंगाल में खराब कानून व्यवस्था को लेकर भी घेरते हुए कहा कि दीदी के शासन में बंगाल बम धमाकों का सेंटर बन चुका है। उन्होंने हाल में एनआइए द्वारा बीरभूम से 80 हजार से ज्यादा डेटोनेटर और 27 हजार किलो अमोनियम नाइट्रेट की जब्ती का जिक्र करते हुए कहा कि अगर एनआइए ने इसे ना पकड़ा होता तो कितने लोगों की जान बम धमाकों में जाती, कोई नहीं गिन सकता।

शाह ने शिक्षक भर्ती सहित अन्य केंद्रीय योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर भी घेरते हुए कहा कि दीदी व भतीजा चाहे कितना भी विरोध करें, इसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने पूरे देश में जातिवादी व परिवारवाद को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में नियुक्तियों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। मंत्री के घर से बरामद पैसा ट्रकों में ले जाया गया। शाह ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल के बाहुबली नेता अनुब्रत मंडल का भी जिक्र करते हुए कहा कि आज वे तिहाड़ जेल की हवा खा रहे है। फिर भी तृणमूल ने उन्हें अपना जिलाध्यक्ष बनाकर रखा है। शाह ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनी तो असम की तरह यहां भी घुसपैठ, मवेशी तस्करी और तुष्टीकरण बंद हो जाएंगे। शाह ने बीरभूम में भाजपा के जिला पार्टी कार्यालय का उद्घाटन भी किया।



## गुवाहाटी में बोले पीएम मोदी, कहा- हमने पूर्वोत्तर के लोगों को करीब लाने के लिए समर्पण के साथ सेवा की है

गुवाहाटी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के वसंत उत्सव 'रोंगाली बिहू' के पहले दिन शुक्रवार को, एक दिवसीय यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचे है। इश दौरान गुवाहाटी एयरपोर्ट पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इस एक दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14,300 करोड़ रुपये की लगात की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी और चिकित्सा महाविद्यालयों जैसी नयी सुविधाओं की शुरुआत से असम और पूरे पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर में सामाजिक बुनियादी ढांचे में आमूलचूल सुधार सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में 1,123 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पहले एम्स को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए आयोजित एक समारोह में कहा, ''पहले की सरकारों के लिए पूर्वोत्तर दूर था... हम लोगों ने इसे करीब लाने के लिए समर्पण के साथ सेवा की है।'' उन्होंने एम्स, गुवाहाटी परिसर में आयोजित समारोह में कहा कि पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर में सामाजिक बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, ''हम अपनी नीतियां देशवासी प्रथम के आधार पर बनाते हैं... (लेकिन) विपक्ष श्रेय लेने का भूखा है और ऐसे लोग देश को बर्बाद करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम लोगों के लिए 'सेवा भाव' के साथ काम करते हैं।'' प्रधानमंत्री ने एम्स, गुवाहाटी के साथ ही नलबाड़ी चिकित्सा महाविद्यालय, नागांव चिकित्सा महाविद्यालय, और कोकराझार चिकित्सा महाविद्यालय को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इन तीनों महाविद्यालयों का निर्माण क्रमश: लगभग 615 करोड़ रुपये, 600 करोड़ रूपये और 535 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इनमें से प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में आपातकालीन सेवाओं, आईसीयू सुविधाओं, ओटी और डायग्नोस्टिक सुविधाओं आदि सहित ओपीडी व आईपीडी सेवाओं के साथ 500 बिस्तरों वाले शिक्षण अस्पताल संलग्न हैं। प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने मई 2017 में एम्स, गुवाहाटी अस्पताल का शिलान्यास भी किया था। कुल 1123 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित, एम्स गुवाहाटी 30 आयुष बिस्तरों सहित 750 बिस्तरों वाला एक अत्याधुनिक अस्पताल है। इस अस्पताल में हर साल 100 एमबीबीएस के छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता होगी। यह अस्पताल उत्तर पूर्व के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने तीन प्रतिनिधि लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित कर आपके द्वार आयुष्मान अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इसके बाद राज्य के सभी जिलों में लगभग 1.1 करोड़ एबी-पीएमजेएवाई कार्ड वितरित किए जायेंगे। मोदी ने असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (एएएचआईआई) का शिलान्यास भी किया। देश में स्वास्थ्य सेवा में उपयोग की जाने वाली अधिकांश प्रौद्योगिकियां आयात की जाती हैं और वे एक अलग संदर्भ में विकसित की जाती हैं, जो भारतीय परिवेश में संचालित करने की दृष्टि से अत्यधिक महंगी और जटिल होती हैं। एएएचआईआई की परिकल्पना इन्हीं सन्दर्भों को ध्यान में रखकर की गई है और यह संस्थान 'हम अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढ लेते हैं' वाले दृष्टिकोण के साथ काम करेगा। एएएचआईआई का निर्माण लगभग 546 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। यह चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अत्याधुनिक आविष्कारों और अनुसंधान एवं विकास की सुविधा प्रदान करेगा, स्वास्थ्य से संबंधित देश की अनूठी समस्याओं की पहचान करेगा और उन समस्याओं को हल करने के लिए नई तकनीकों के विकास को बढ़ावा देगा। इससे पहले, असम के वसंत उत्सव 'रोंगाली बिहू' के पहले दिन शुक्रवार को एक दिवसीय यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचने पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की।

## जयशंकर ने मोजाम्बिक के राष्ट्रपति के साथ व्यापार, रक्षा में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

नईदिल्ली।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी से मुलाकात की और द्विपक्षीय विकास निगम के विस्तार के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने व्यापार, निवेश और रक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जताई। अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने अपनी समकक्ष वेरोनिका मैकामो के साथ पांचवीं भारत-मोजाम्बिक संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, "मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से व्यक्तिगत शुभकामनाएं दीं।" राष्ट्रपति न्यूसी के उनकी पढ़ाई के दौरान गुजरात में रहने के संदर्भ में जयशंकर ने कहा, "अहमदाबाद में उनके द्वारा बिताए गए समय की उनकी सुखद यादों को सुनकर दिल खुश हो गया। हमारे सहयोग को गहरा करने में उनकी व्यापक रुचि की सराहना करते हैं।" जयशंकर ने कहा, "हमारे संबंधों को और विकसित करने पर उनके मार्गदर्शन को महत्व देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत मोजाम्बिक की प्राथमिकताओं पर प्रतिक्रिया देगा। व्यापार, निवेश, रक्षा, विकास सहयोग, स्वास्थ्य और लोगों से लोगों के संबंधों में प्रगति के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान, जयशंकर और मकामो ने व्यापार, निवेश, कृषि, ऊर्जा, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास सहयोग और रक्षा सहित द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों में हुई प्रगति का जायजा लिया और उन्हें और विस्तार देने के लिए नए रास्ते तलाशे। जयशंकर ने ट्वीट किया, "बहुपक्षीय मंचों में हमारे ठोस सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। मोजाम्बिक को उसके सफल यूएनएससी अध्यक्षीय महीने के लिए बधाई दी।

## कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर अग्रणी भूमिका निभा सकता है जी7 -जेनिफर

नईदिल्ली।



अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रेनहोम ने 'ग्लोबल वार्मिंग' को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि अमीर राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने के मामले में मिसाल कायम कर सकते हैं। ग्रेनहोम और अग्रणी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी-7 के वरिष्ठ ऊर्जा तथा पर्यावरण अधिकारी जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और संबंधित मुद्दों पर बैठकों के लिए इस सप्ताह उत्तरी जापान के होकाइदो में हैं। ग्रेनहोम ने दुनिया के पहले और एकमात्र तरल हाइड्रोजन वाहक पोत का दौरा करने के बाद कहा, "हम इसी तरह के उदाहरणों के जरिये नेतृत्व किए जाने की उम्मीद करते हैं।" यह जहाज बेहद प्रदूषणकारी माने जाने वाले कोयले की जगह उत्सर्जन-मुक्त हाइड्रोजन ऊर्जा को बढ़ावा देने के जापान के प्रयासों को दर्शाता है। ग्रेनहोम ने कहा कि हाइड्रोजन सहित नवीकरणीय, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना "दूसरों में भी इस काबिल बनने की उम्मीद जगाता है, क्योंकि प्रौद्योगिकी को अपनाने से लागत में कमी आती है।" उन्होंने कहा कि अमीर राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने के क्षेत्र में उदाहरण पेश कर सकते हैं और 'ग्लोबल वार्मिंग' को रोकने के लिए बहुत तेज कार्रवाई की आवश्यकता है।

## सांसद प्रतिनिधि सबी खान ने कलेक्टर से की मांग, कबाड़ियों के सरगना अनीश का हो जिला बदर

# अदना सा कबाड़ी अनीश सब पर भारी, लाचार बेबस प्रशासन


कलेक्टर वंदना वैध


पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक


सबी खान सांसद प्रितिनिधि


शिव के राज में पुलिस और कबाड़ियों के बीच चल रहा मेल-मिलाप का खेल, खेल मछली को छोड़ झींगा को भेज रहे जेल

जुनैद खान

**शहडोल(अक्षर सम्राट)।** जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के आदेश दे रहे हैं वहीं शायद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आदेश शहडोल जिले के कलेक्टर और एसपी नहीं मानते क्या आखिर क्यों समाजसेवी को सामने आकर शिकायत पत्र देनी पड़ रही है जिम्मेदार कौन। आखिर कौन अपनी जिम्मेदारियों से कर रहा लापरवाही ।जो जिले के रक्षक अब वही बन गए भक्षक क्या तभी तो एक अदना सा कबाड़ी दबंगई के साथ शहडोल जिले में सिंडीकेट कर अवैध कबाड़ का कारोबार कर रहा है और जिम्मेदार छोटी मोटी कार्यवाही कर अपनी पीठ थप थपा रहे हैं पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिले के मुखिया कलेक्टर और एसपी की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह तब लगा जब एक समाजसेवी ने कबाड़ीयो के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए खुद आगे आकर शिकायत पत्र कलेक्टर को सौंपा।


अनीश अंसारी कबाड़ी

शहडोल एक आदिवासी जिला होने के साथ-साथ खनिज ,वन एवं औषधियों से अपनी और आकर्षित करता है वही ऐसे सुंदर जिले पर अधिकारियों ने ग्रहण लगा दिया है तो वही कुछ अवैध कारोबारियों ने जिले का माहौल खराब कर रखा है एक और जहां जिला प्रशासन है सरकार की सारी योजनाएं सारा सिस्टम है वहीं दूसरी ओर अदना सा कबाड़ी सारे सिस्टम पर भारी अजब गजब का खेल शहडोल जिले में चल रहा है इसके पूर्व कलेक्टर सत्येंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश गोस्वामी का वह समय याद आता है जब जिले में अवैध कारोबारी प्रशासन को देख अपने अपने बिलों में छुप जाया करते थे पूर्व कलेक्टर एवं पूर्व एसपी के द्वारा कई बड़ी कार्यवाही जिले में की गई पर जब से नए कलेक्टर नए एसपी आए तब से अवैध कारोबार और अपराधियों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है कही कबाड़,तो,कही दुष्कर्म,तो कही चोरी, सारा सिस्टम होने के बावजूद भी जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

### राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सबी खान (बंटी) ने शिकायत पत्र में स्पष्ट लिखा

शहडोल जिले में चिंदी चिंदी, प्लास्टिक बोतल,शीशी, टीना, लोहा कबाड़ इकट्ठा करने वाले लोगों ने अब आसपास इलाके में सिंडिकेट ग्रुप बनाकर एसईसीएल कालरी खदानों के बेशकीमती कलपुर्जों एवं केमिकल फैक्ट्री सहित बंद पड़े कारखाने की मशीनें बेचकर खा गए। इन लोगों के द्वारा जिले व शहर तथा ग्राम पंचायतों का माहौल खराब करके रखा हुआ है तो वही बीते दिनों कालरी खदानों की तह तक जाने वाले बेरोजगारो को बाकायदा सैकड़ों लोगों को नौकरी पर रखा दोनों जिलों के बीच नया ठीहा बनाकर करोड़ों रुपए का वारा-न्यारा कबाड़ के नाम पर कर दिया। इस बात का पता तब चला जब इस कारोबार के चलते बेकसूर नाबालिग बच्चों की चढ़ गई बली और आनन फानन में पुलिसिया तंत्र सक्रिय हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन चला अंधेरे में लाश निकलने का सिलसिला जो शुरू हुआ तो इलाके में मातम पसर गया और हर कोई बस इतना ही देखना चाहता था कि इन सबके पीछे जिम्मेदार कौन है।

### शायद अवैध कारोबारियों की बंद पड़ी फाइलें धूल खा रही

किसके कहने पर बीते माहों में बंद पड़ी खदान में हजारी लाल कोल, राहुल कोल, कपिल विश्वकर्मा, राजमहतो, रोहित कोल, मनोज बर्मन व राजेश मिश्रा कबाड़ इकट्ठा करने खदानों में घुसे थे हालांकि पुलिस ने यहां मृतकों पर ही कायमी कर जिंदा उस सख्श को बख्श दिया जो कबाड़ माफियाओं का सिंडिकेट चला रहा था अनीश नामक व्यक्ति की जनचर्चाओ का माहौल गर्म था, सूत्रों के हवाले से खबर यह निकलकर सामने आई कि जल्द ही अनीश कबाड़ी को खदानों में हुई मौत मामले में गिरफ्तार किया जाएगा परंतु समय के साथ शायद अवैध कारोबारियों की बंद पड़ी फाइलें धूल खा रही है।

### अनीश कबाड़ी के जिला बदर की मांग

समाजसेवी अवैध कारोबारी के खिलाफ ज्ञापन सौंप रही है क्या जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं आखिर क्यों आम आदमी को प्रशासन के सामने आकर शिकायत करना पड़ रहा है ।बहरहाल इसी मामले में जिले के समाजसेवी और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सबी खान बंटी ने जिले का माहौल खराब कर रहे युवाओं को अपराध की दुनिया में ढकेलने से बचाने की दिशा में मोर्चा खोल दिया और जिले की कलेक्टर श्रीमती वंदना वैध को अनीश कबाड़ी पर जिला बदर की कार्यवाही की मांग की है।

### ज्ञापन में सांसद प्रतिनिधि ने थानों एवं मीडिया की रिपोर्ट भी लिखा

मामले में सांसद प्रतिनिधि सबी खान ने पत्र में लिखा है कि अनीश कबाड़ी पर कोतवाली थाना क्षेत्र में 04, सिंहपुर थाना क्षेत्र में 05 सहित आसपास इलाके में कई दर्ज मामले प्रमाणित करते हैं कि यह व्यक्ति जिले का माहौल बिगाड़ने का काम कर रहा है ।गौरतलब हो कि अब जनता के बीच से ही पनपते अपराध में अंकुश लगाने की मांग अब जनप्रतिनिधियों ने की है लगातार इस मामले में मीडिया की रिपोर्ट बताती है अनीश कबाड़ी ने फर्श से अर्श तक का सफर चोरी चाकरी के दम पर ही किया है अब देखना यह होगा कि मामले में प्रशासन कब तक संज्ञान लेता है ।या नहीं या फिर आल इज वेल की तर्ज पर चलता रहेगा शहडोल आदिवासी जिला।

### इनका कहना है

शहडोल कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने कहा था कि मैं कल ऑफिस जाकर देखती हूं चेक करवाती हूं फिर आपको बताती हूं। उसके बाद दूसरे दिन दो से तीन बार फोन लगाने पर फोन की घंटी बजती रही पर फोन नहीं उठा, मैडम जी से संपर्क नहीं हो पाया। अब इसे क्या समझे यह तो आप सब समझदार हैं।

## बैगा समाज के लोगों ने हमारी विरासत को संजोकर रखा हैः कमिश्नर

### ग्राम पंचायत पिपरटोला में आयोजित हुआ कोदान्न उत्सव

अक्षर सम्राट, शहडोल/अनूपपुर।





कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा ने कहा है कि जहां लोग चल नही सकते, वहां बैगा समाज के लोग नृत्य करते हैं। उन्होंने कहा है कि बैगा समाज के लोग कठिन परिस्थितियों में भी खुशियों के पल ढूढ़ते हैं। बैगा समाज के लोगों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी जंगलों को नही छोड़ा। पुरखों के भोजन,भजन व भाव को बचाकर रखा है। उन्होंने हमारी प्राकृतिक धरोहरों को बचाकर रखा है। कमिश्नर राजीव शर्मा आज अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत पिपरटोला में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट दिवस के अवसर पर आयोजित कोदान्न उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

कमिश्नर कहा कि परम्परागत प्राकृतिक भोज्य पदार्थों को और खाद्यान्नों को बचाना एक चुनौती है। इस दिशा में बैगा समाज के लोगों द्वारा अच्छी पहल की जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। मैं इस कार्य की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि आज हम नकली और विदेशी चीजों को खाकर बीमारियों को आमंत्रित कर रहे हैं। नकली और विदेशी खाद्य पदार्थों से हमे बचना होगा और परम्परागत खाद्य पदार्थों को अपनाना होगा। कमिश्नर श्री राजीव शर्मा ने कहा है कि लम्बे समय तक स्वस्थ रहने के लिए हमें अच्छे भोजन के साथ-साथ शारीरिक श्रम भी करना होगा।

उन्होंने कहा कि बैगा समाज के लोगों ने हमारे पुरखों का खजाना बचाकर रखा है। पुरखों के विरासत की रक्षा की है। उन्होंने बहुत बड़ा उपकार किया है। कमिश्नर ने कहा है कि कोदो, कुटकी, सावा, कंगनी, ज्वार, बाजरा जैसे पारम्परिक खाद्यान्नों को सहेजकर बड़ा उपकार किया है। उन्होंने कहा कि बैगा समाज के लोग विकास की ओर अग्रसर होने के लिए अपने बच्चों को पढ़ाएं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए निरन्तर प्रेरित करें। बच्चे क्या पढ़ रहे हैं इसकी भी निरन्तर मॉनीटरिंग करें। कमिश्नर ने कहा कि बैगा समाज के लोगों की हर बात को सुना जाएगा, उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजी डी.सी. सागर ने कहा कि नषा सिर्फ नाश करता है। नषे की प्रवृत्ति से लोग दूर रहें। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए पेसा एक्ट लागू किया गया है। इस एक्ट के अंतर्गत वनोपज पर जनजातीय समाज के लोगों का अधिकार होगा। जनजातीय समाज के छोटे-मोटे झगड़ों का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर गठित शांति एवं विवाद निवारण समिति करेगी। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराध प्रकरण ही थानों तक पहुंचेंगे, इसमें पुलिस मदद करेगी।

समारोह को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि जनजातीय समाज के लोग प्रकृति से जुड़े हैं। इस समाज के लोग हमारी संस्कृति के रक्षक हैं। प्राकृतिक खाद्य धरोहरों के रक्षक हैं। कार्यक्रम को समाजसेवी नरेश विश्वास ने भी संबोधित किया। पिपरटोला पहुंचने पर बैगा समाज के लोगों ने कमिश्नर राजीव शर्मा तथा एडीजी डी.सी. सागर का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नन्दा बैगा, प्यारू बैगा, लमटू बैगा ने कमिश्नर का पारम्परिक रूप से स्वागत किया।

## पुलिस ने गुमशुदा बालिका को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर परिवारजन के किया सुपुर्द

अक्षर सम्राट, शहडोल।




दिनांक 11.04.23 को फरियादी थाना उपस्थित आकर मौखिक सूचना दिया की उसकी नाबालिग लड़की जिसकी उम्र 14 वर्ष 04 माह है दिनांक 10.04.2023 को घर से बिना बताये कही चली गई है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसको बहला फुसलाकर या अपहरण कर कहीं भगा ले गया है। उक्त सूचना पर थाना गोहपारु मे धारा 363 भा.द.वि का अपराध पंजीबद्ध किया गया । अपराध कायमी के पश्चात थाना गोहपारु पुलिस द्वारा तत्काल अपह्ता की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर रवाना की गई। पुलिस द्वारा काफी पता तलाश के बाद अपह्ता बालिका दस्तयाब संभव हुई जिसे पुलिस द्वारा उसके माता-पिता को 24 घंटे के अंदर सुपुर्द किया गया ।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपनिरी0 सुभाष दुबे, सउनि कनकलता दुबे, प्र.आर. प्रताप सिंह, आरक्षक सुदीप पटेल की अहम भूमिका रही।

## भाजपा मंडल गोहपारू में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती





अक्षर सम्राट, शहडोल।

भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहपारू के मंडल अध्यक्ष कगलेश्वर सिंह के नेतृत्व में आज अस्पताल परिसर के सामने धूमधाम से बाबासाहेब की जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष व उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर,किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष बाला प्रसाद मिश्रा जनपद पंचायत गोहपारू के पूर्व,जनपद उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह चंदेल किसान मोर्चा के जिला महामंत्री राम नारायण मिश्रा,वरिष्ठ शिक्षक हरिहर प्रताप सिंह गोहपारू मंडल के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा (अन्नू )सुधीर सिंह, जनपद ग्राम पंचायत गोहपारू के उप सरपंच विक्रम सिंह योगेश मिश्रा महेंद्र सोनी मंजू चौधरी अखलेश खरे मुन्नी बाई शर्मा दोस्त निगम सहित कई गणमान्य नागरिक व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रहे उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सुभाष गुप्ता ने किया था वादा अब निभाना भी जरूरी था, वादा करके मुंह पीछे नहीं करने वालो में से सुभाष

### काँग्रेसियों ने मनाई अंबेडकर जयंती, अंबेडकर चौक पर लगाई गई सीढ़ी का किया गया उद्घाटन

अक्षर सम्राट, शहडोल।



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कहा करते थे कि, वो ऐसे धर्म को मानते है जो स्वतंत्रता, समानता एवं भाईचारा सिखाता है, उनका मानना था जीवन लंबा होने की बजाय महान होना चाहिए- सुभाष गुप्ता हमने एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने वादा किया था कि अंबेडकर जयंती के पहले अंबेडकर जी की मूर्ति के समक्ष सीढ़ी लगवा दी जाएगी जो हमने पूरा किया नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल शहडोल जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे,भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती काँग्रेस भवन शहडोल मे मनाई गई, तत्पश्चात रैली मे शामिल होकर अंबेडकर चौक मे स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के समक्ष नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल के प्रयासो से लगवाई गई सीढ़ी का उद्घाटन कर डॉक्टर अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। काँग्रेस भवन मे उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने अनुयाइयों मे बाबा साहेब के नाम से मशहूर अंबेडकर जी ने अपना सारा जीवन भारतीय समाज मे व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष मे बिता दिया। उन्होने भारतीय समाज मे समानता लाने के काफी प्रयास किए। बाबा साहेब अंबेडकर की कानूनी विशेषज्ञता और विभिन्न देशों के संविधान का ज्ञान भारतीय संविधान के निर्माण मे बहुत मददगार साबित हुआ, उन्हें संविधान का निमार्ता और संविधान का जनक भी कहा जाता है। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पीयूष शुक्ला, अनुज मिश्रा, प्रभात पाण्डेय, सुमित गुप्ता,विक्रम सिंह,राजीव शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमति संध्या सिंह, नीरज द्विवेदी, रामलखन तिवारी, रामनरेश तिवारी,शिव शंकर शुक्ला,अशोक बजाज, सौरभ तिवारी,राम कुमार नापित,नरेंद्र मरावी,गोविंद साहू,रेवा सिंह,रवि शेखर राव,दीपक सिंह,आशीष द्विवेदी, शिवी,अकाश,मयंक,अमन, महेन्द्र, शैरोन आदि सैकड़ो की सख्या मे काँग्रेस जन उपस्थित रहे।



## शराब का अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस द्वारा के स्थानो पर दबिश देकर कुल 122 लीटर कच्ची एवं 123 पाव देशी शराब की जप्त की

**शहडोल(अक्षर सम्राट)।** दिनांक 01.04.2023 से मध्यप्रदेश शासन द्वारा शराब के अहातों, अवैध बारो को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रांतर्गत आने वाले ढाबों, होटलो,अहातों की आकस्मिक चेकिंग कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले भर में समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब के विरूद्ध दिनांक 13.04.2023 को चलाए गए अभियान में पुलिस द्वारा 27प्रकरणो में 122 लीटर कच्ची एवं 123 पाव देशी शराब जप्त की गई है।



**थानावार पंजीबद्ध प्रकरणों की जानकारी निम्नानुसार हैः** थाना प्रकरण मात्रा पपौंध प्र,01,,06 लीटर कच्ची शराब, सीधी प्र,02,,12 लीटर कच्ची शराब,सिंहपुर प्र,01,,06 लीटर कच्ची शराब,अमलाई प्र,02,,12 लीटर कच्ची शराब,धनपुरी प्र,03,,12 लीटर कच्ची शराब, खैरहा प्र,02,,12 लीटर कच्ची शराब देवलोंद 02 05 लीटर कच्ची एवं 15 पाव देशी शराब, सोहागपुर प्र,03,,18 लीटर कच्ची शराब, बुढार प्र,02,,11 लीटर कच्ची शराब,कोतवाली प्र,02,,11 लीटर कच्ची शराब, गोहपारू प्र,02,,06 लीटर कच्ची शराब,एवं 12 पाव देशी शराब ब्यौहारी प्र,03,,06 लीटर कच्ची शराब जयसिंहनगर प्र,02,,05 लीटर कच्ची शराब एवं 96 पाव देशी शराब योग प्र,27,,122 लीटर कच्ची शराब एवं 123 पाव देशी शराब जप्त की।

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित





अक्षर सम्राट, शहडोल।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में भारतीय संविधान के निमार्ता एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर आधारित समानता पर्व कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंह नगर विधानसभा के विधायक जय सिंह मरावी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गंगा राजीव पांडे सांसद प्रतिनिध नीरज अंकेश जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष इंदिरा कन्या महाविद्यालय श्री विभव पाण्डेय मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला संदेश विवेक पांडे एवं विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल उपस्थित रहे आज के कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला समन्वयक विवेक कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि गांव गांव में प्रस्फुटन समितियां कैसे कार्य कर रही हैं उनके साथ में नवांकुर संस्थाओं द्वारा क्या कार्य किया जा रहा है एवं विभाग द्वारा संचालित सीएमसीएलडीपी की क्लासेस किस तरह से चल रही है उसके विषय पर विस्तार पूर्वक बताया गया मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि समाज में छुआछूत जैसी कुरीति विद्वान थी वर्तमान समाज में यह कहा कि कुरीति अब खत्म हो गई है इसकी देन डॉक्टर अंबेडकर को ही जाता है उन्होंने कहा कि बाबा साहब की आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में जोड़ा जा सकता है जोकि वर्तमान में होता हुआ दिख रहा है कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गंगा राजीव पांडे द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय संविधान के निमार्ता दलितों के मसीहा एवं आधुनिक मनु के नाम से प्रसिद्ध डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नाम से लोकप्रिय थे भारतीय अधिवक्ता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया ऐसे महान छवि से निर्मित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के बारे में बताया गया कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार परामर्शदाता जयप्रकाश काछी द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे नवांकुर संस्था से कल्याणी वाजपेई ममता सोनी डॉक्टर राज पांडे सतीश तिवारी लोकनाथ नामदेव परामर्शदाता श्वेता सिंह जयप्रकाश राहुल द्विवेदी सतीश तिवारी प्रस्फुटन समिति से रेखा सिंह अतुल द्विवेदी प्रदीप गुप्ता उमा मिश्रा अनामिका मिश्रा संजय सिंह निशा तिवारी सागर सिंह महेंद्र यादव अखिलेश तिवारी महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रेत माफिया के द्वारा कुनुक नदी से,धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन जोरों शोरों पर

जुनैद खान



**शहडोल(अक्षर सम्राट)।** जिले के थाना जैतपुर चौकी झींक बिजुरी क्षेत्र अंतर्गत कि है आखिरकार जिले के पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध उत्खनन को लेकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है, इसके बावजूद भी रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है क्यों, लवकेश गुप्ता किसान मोर्चा मंडल झिक बिजुरी,अपने पदों का रोप दिखाते हुए अवैध परिवहन करते हुए, कुनुक नदी से अवैध उत्खनन,छलनी छेद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है.

### प्रशासनिक अमला आखिरकार मौन क्यूं

कुनुक नदी से दिन के उजाले से शाम के रात्रि तक, दिनदहाड़े रेत का अवैध परिवहन सत्ताधारी नेताओं के द्वारा पुलिस का कमर तोड़ कर रख दी है नदियों से रेत छानकर, तो कही मिट्टी निकाल कर, ना तो पर्यावरण की चिंता है, और ना ही कायदे कानून की, उनको तो बस पैसा कमाना है,

कई नेताओं के तो,कई अफसरों के सह पर पनपते हैं,तो कई इतने ताकतवर हो चुके हैं उन्हीं को डराते धमकाते हैं एक ऐसा ही मामला शहडोल जिले के अंतिम छोर में कुनुक नदी स्थित है, तो वही झींक बिजुरी चौकी,नाक के नीचे से अवैध उत्खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा आखिरकार किसके सह से चल रहा अवैध कारोबार पुलिस प्रशासन आखिर क्यों हैं मौन,या फिर जानकर बने अनजान।

# महामानव भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर हेवू बीएमएस ने की सदस्यता अभियान की शुरुआत





भोपाल।

आज 14 अप्रैल भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती हैवी इलेक्ट्रिकल्स वर्कर्स यूनियन संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा जुमड़े भवन में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के इंजीनियरिंग और ऊर्जा प्रभारी श्री रामनाथ गणेशे जी विशिष्ट अतिथि दलित इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री डॉक्टर अनिल सिरवैया जी, अतिथि श्री उमेश शर्मा जी प्रदेश बीएमएस वित्त सचिव,तथा महामंत्री कमलेश नागपुरे ने संगठन में सदस्यता पर प्रकाश डाला तथा कहा की सदस्यता की रसीद हर कार्यकर्ता के पास उपलब्ध होनी चाहिए आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता हेवू-भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष श्री नितिन कोंडे जी ने किया । मंच का संचालन श्री विनोद विसे जी, एवं व्यवस्था प्रभारी ओमप्रकाश जैसवार द्वारा किया । आज का कार्यक्रम हमारे लिए कुछ खास था क्योंकि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी के विचारों शिक्षित बनो को साकार करने के लिए हमने सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु मेधावी छात्र सम्मान से छात्रों को सम्मानित किया साथ ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को ज्यादा से ज्यादा लोग पढे हैं और उनके आदर्शों पर चलने का काम करें इसलिए सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की थी जिसका विषय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष था। इस प्रतियोगिता में 200 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया और इन सभी छात्रों में से हर कक्षा से छात्रों को पुरस्कृत किया गया। श्री रामनाथ गणेशे जी ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि जब वह एनटीपीसी में कार्यरत है वह हमेशा अंबेडकर जयंती में सम्मिलित होते थे और आज भी भोपाल में अंबेडकर जयंती में जरूर सम्मिलित होते हैं उन्होंने बाबा साहब के उद्योग जगत में कार्यों को बताया जैसे कि उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए ट्रेड यूनियन की नींव रखी ,उन्होंने फैक्ट्री एक्ट बनाया, सेफ्टी एक्ट ,महिलाओं के लिए मेटरनिटी लीव इत्यादि कर्मचारियों के भेंट स्वरूप दिया। हमारे विशिष्ट अतिथि श्री डॉक्टर अनिल सिरवैया जी मैं सभी को बताया कि कैसे बाबा साहब ने आरबीआई की नींव रखी कैसे बाबा साहब ने भाखड़ा नांगल डैम की नींव रखी कैसे लोगों को अपने अधिकारों हेतु प्रेरित किया साथ ही सिरवैया जी ने बताया कि उनका संस्थान कैसे सैकड़ों शोषित वर्ग के लोगों को रोजगार एवं बिजनेस मुहैया कराने में मदद करता है। इसके बाद बाबा साहब का जन्म दिवस मनाने हेतु भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारियों ने केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाय। आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष नितिन कोंडे जी ने यहां पर पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ,यहां पर उपस्थित अभिभावकों, बच्चों सभी का आभार व्यक्त किया और जय भीम के नारे से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस अवसर पर उपस्थित हेवु भारतीय मजदूर संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान की शुरुआत की।

# समाज कल्याण का संदेश देते हैं अंबेडकर जी के विचार : लोकेंद्र पाराशर

- भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
- भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ दुर्गेश केशवानी एवं एडवोकेट सुनील जैन ने किया शिविर का शुभारंभ




भोपाल।

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी के विचार हम सभी को समाज कल्याण का संदेश देते हैं। डॉ अंबेडकर जी ने हमेशा ही गरीब, शोषित वर्ग के कल्याण के लिए संघर्ष किया। मानव कल्याण ही उनका ध्येय था। इसी तरह निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसे आयोजन भी गरीब एवं कमजोर वर्ग के लिए बहुत ही सार्थक पहल है। हम गरीबों के जीवन में कुछ योगदान दे सकें यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात आज भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री लोकेन्द्र पाराशर ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। ईदगाह हिल्स पर वाजपेयी नगर में स्थित सेवा भारती योग केन्द्र में आयोजित इस शिविर का आयोजन जागृत हिन्दू मंच के तत्वावधान में निदांता स्वास्थ्य वेलफेयर सोसाइटी,राजदीप हॉस्पिटल, इंसुलिन हाउस तथा सत्यम डेंटल क्लीनिक के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता डॉ दुर्गेश केशवानी ने शिविर में उपस्थित चिकित्सकों को साधुवाद देते हुए कहा कि परमार्थ के कार्य हमें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। जिस प्रकार डॉ भीमराव अंबेडकर जी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए जीवन भर काम करते रहे, उसी प्रकार शिविर में चिकित्सकों द्वारा सेवा का कार्य करना निश्चित रूप से सराहनीय है। शिविर में हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी ,बीएमआई, डेंटल चेकअप,आई चेकअप, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड आदि की निःशुल्क जांच की गई एवं दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गई। इस आयोजन में जागृत हिंदू मंच के संयोजक एडवोकेट सुनील जैन, डॉ जितेंद्र मिश्र, अनिल आहूजा, वर्षा खुशालानी, मिथिलेश पटेल, पप्पू अहिरवार, डॉ कृष्णा मेहरा, डॉक्टर पूजा शुक्ला, वीरेंद्र सोनिया, शीतल सेन, माधवी, गायत्री, रघुवीर, काजल, कावेरी, बसंती बाई, दीपक जयसवाल, रंजीत शर्मा, गौतम मीणा, ज्योति जाट, उदय राज यादव, रितेश, आकाश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# आनन्द नगर मण्डल के वॉर्ड क्र. 64 में बाबा साहेब अम्बेडकर को किए विनम्र पुष्प अर्पित

भोपाल।

भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती पर आनन्द नगर मण्डल के वॉर्ड क्र. 64 में उनको विनम्र पुष्प अर्पित किए गए। उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया, जिसमें उनकी अध्यक्षता में प्रमुख रुप से भारत के संविधान का निर्माण, शोषित पीड़ित वर्ग के लिए संघर्ष और न्याय दिलाना प्रमुख हैं।




# वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की मासिक गोष्ठी आज

भोपाल।

वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच मध्य प्रदेश इकाई की अप्रैल माह की गोष्ठी 15 अप्रैल 2023 को अपरान्ह 3 बजे गूगल मीट पर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश इकाई की अध्यक्ष श्रीमती जया आर्य करेंगी तथा मुख्य अतिथि श्रीमती स्मृति शर्मा, पंजाब इकाई की अध्यक्ष होंगी, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ इकाई की अध्यक्ष श्रीमती अनीता शरद झा होंगी कुल 20 प्रतिभागी अपनी रचना प्रेषित करेंगे। संचालन श्रीमती मधुलिका सक्सेना करेंगी संयोजन सचिव श्रीमती सुनीता प्रकाश का है।

# कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियन भेक्टू/सीटू कार्यालय पर बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

भोपाल।

बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती के शुभ अवसर पर कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियन भेक्टू/सीटू कार्यालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूनियन कार्यालय से श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात सुबह 9 बजे अम्बेडकर पार्क बरखेड़ा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारी लोकेंद्र शेखावत,शाहिद अली,सादिक खान, नरेश जादोन,दीपक गुप्ता,निशांत नंदा, कौशल बामने,चेतन साहू, कुलदीप मौर्य, विजेंद्र पाटिल,राजेश रजक,राजु आर्मो,राकेश वर्मा, मौजूद रहे ! यह जानकारी मीडिया प्रवक्ता अतुल मालवीय ने दी !



# बीएचईएल, भोपाल में बाबासाहेब डॉ. आम्बेडकर की 132वीं जयंती पारंपरिक हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई




भोपाल।

बीएचईएल, भोपाल में भारत के संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 132वीं जयंती पारंपरिक हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनय निगम, कार्यपालक निदेशक, बीएचईएल भोपाल एवं झांसी थे । श्री अविनाश चन्द्रा, महाप्रबंधक (मा.सं. एवं लॉजिस्टिक्स) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कार्यक्रम में सभी महाप्रबंधकगण एवं सर्वश्री रामभाऊ पाटिल, अपर महाप्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी एससी, लालमोहन सामन्ता, अपर महाप्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी एसटी एवं श्री धर्मेन्द्र, अपर महाप्रबंधक एवं संपर्क अधिकारी ओबीसी तथा बीएचईएल, भोपाल के संयुक्त सेड्यूल कास्ट, सेड्यूल ट्राइब्स एवं ओबीसी एम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यगण बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि तथा भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। श्री निगम ने डॉ. आम्बेडकर जी का स्मरण करते हुए कहा कि बाबा साहेब एक बहुआयामी व्यक्तित्व हैं । इस देश के सामाजिक और आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक तथा आर्थिक सामन्जस्य को स्थापित करने में बाबासाहेब ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । बाबा साहेब न सिर्फ एक विधिवेत्ता, सामाजिक और सांस्कृतिक मार्गदर्शक तथा भारत के संविधान निर्माता थे, अपितु उन्होंने भारत वर्ष को एक शक्तिशाली, धर्म निरपेक्ष और प्रभुता सम्पन्न राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया । बाबासाहेब ने समाज में महिलाओं को सबसे प्रमुख घटक मानते हुए कहा कि सही अर्थों में समाज का विकास तभी संभव है जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर हों । उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा कि हम सब बाबासाहेब के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके सपनों को पूरा करें और एक शक्तिशाली भारत का निर्माण करें।

इस अवसर पर श्री चन्द्रा ने कहा कि बाबा साहेब एक युग पुरुष होने के साथ ही एक समर्पित न्यायविद्, प्रख्यात अर्थशास्त्री और अभूतपूर्व समाजिक नेता थे । उन्होंने हमेशा सामाजिक सामंजस्य पर जोर दिया और उनका यह मानना था कि समाज का संतुलित विकास तभी संभव है जब इसमें रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भावनाओं और जरूरतों को पूर्ण सम्मान देते हुए उन्हें समान अवसर प्रदान किया जाए । बाबा साहेब ने एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी जिसमें स्त्री , पुरुष तथा विभिन्न संवर्गों के लोगों को एक समान अधिकार प्राप्त हों। अंत में बुद्ध वंदना एवं उद्योगनगरी द्वारा संचालित स्कूलों में एससी/एसटी एवं ओबीसी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान करते हुए प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं संत निवास का भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम




भोपाल।

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं संत निवास का भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम रविवार 16 अप्रैल को भोपाल राजधानी के समीप 11 मील मिसरोद में नवीन श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं संत निवास के लिए भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री निर्णय सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में रविवार 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे होने जा रहा है प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया नवीन जिनालय का शिलान्यास भूमि पूजन में प्रतिष्ठाचार्य सुमत भैया के निर्देशन में विधि विधान से अनुष्ठान होंगे शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री सुरेंद्र पटवा विधायक रामेश्वर शर्मा होंगे शिलान्यास कार्यक्रम में राजधानी सहित मंडीदीप अब्दुल्लागंज बेरसिया विदिशा सिरोंज रायसेन सहित आसपास के क्षेत्रों के जैन धर्मावलंबी शामिल होंगे श्री दिगंबर जैन विद्यायतन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया मंदिर एवं संत निवास निर्माण में समाज के श्रेष्ठी जनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व मंदिर निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से दिगंबर पंचायत समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु अखिल भारतीय कठनेरा परिषद के पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन आरएनजी विमल जैन राजदीप विद्यायतन के अध्यक्ष मनीष जैन बृजेश जैन प्रशांत जैन अमित जैन संजय जैन आदि मौजूद थे।

# रजाई-गद्दे की दुकान में लगी आग मूर्ति के कारखाने तक फैली, दो सिलेंडर ब्लास्ट

भोपाल।

साकेत नगर स्थित एक रजाई-गद्दे की दुकान में शुक्रवार शाम आग लग गई। 10 मिनट में इस आग ने पास में स्थित मूर्ति के कारखाने को भी ले लिया। जिससे यहां रखे दो सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। जब तक दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे तब तक यह आसपास की दुकानों और झुग्गियों में फैल चुकी थी। हालांकि इसके बाद निगम के दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला और सात दमकलों की मदद से तीन घंटे में आग बुझा दी। दमकलकर्मी नासिर खान ने बताया कि साकेत नगर के पास स्थित सीएसआइआर-एम्प्री(एडवांस मटेरियल एंड प्रोसेस रिसर्च इंस्टिट्यूट) के पीछे दुर्गा मंदिर है। इसके पास रजाई-गद्दे की दुकान में आग लगने की सूचना शाम 6.40 बजे फायर कंट्रोल रुम में दी



गई थी। सूचना मिलते ही 20 मिनट में मौके पर माता मंदिर, आइएसबीटी, पुल बोगदा और गांधी नगर समेत अन्य स्थानों से सात फायर ब्रिगेड भेजी गई। तब तक आग रजाई-गद्दे की दुकान से मूर्ति के कारखाने में फैल चुकी थी। इसकी चपेट में एक झुग्गी और एक अन्य दुकान भी जल गई। हालांकि रात दस बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। साकेत नगर में जिस स्थान पर आग लगी थी, वह दुर्गा मंदिर की बाउंड्री से लगा हुआ है। साथ ही इससे 10 कदम दूरी पर रहवासी कालोनी है। मूर्ति के कारखाने में रखे एक के बाद एक गैस सिलेंडर के ब्लस्ट होने से आसपास के रहवासियों में भी दहशत फैल गई। उनके घरों के आसपास की आग वो खुद बुझाने का प्रयास करने लगे। यदि दमकलकर्मियों को पहुंचने में देर होती तो यह आग कालोनी के घरों को भी अपनी चपेट में ले लेती।

## संपादकीय

# एकता के यक्ष प्रश्न

यह तो तय था कि आगामी वर्ष आम चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की कोशिशें तेज होंगी। लेकिन कर्नाटक चुनाव से पहले ही एकजुटता की कवायद शुरू हो जाएगी, ऐसी उम्मीद कम ही थी। शायद मानहानि मामले में राहुल गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त किये जाने और फिर उनसे सरकारी आवास खाली कराये जाने के घटनाक्रम ने विपक्षी दलों को एकजुट होने के लिये प्रेरित किया। बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर राहुल गांधी से हुई मुलाकात को विपक्षी एकता की दिशा में बड़ी पहल कहा जा रहा है। हालांकि, इन एकता के प्रयासों में कोई नई बात नहीं है क्योंकि बिहार सरकार में पहले ही तीनों दल शामिल हैं। इससे पूर्व फरवरी में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया रैली में कांग्रेस से मोदी सरकार के खिलाफ तुरंत एकजुट होने की बात कह चुके थे। लेकिन राहुल प्रकरण ने विपक्षी दलों को असुरक्षाबोध से भर दिया और यह निष्कर्ष समझ में आने लगा कि यदि हम एकजुट न हुए तो तंत्र के निरंकुश व्यवहार का शिकार होना पड़ सकता है। जिसके चलते कई राजनीतिक दल, जो विपक्षी एकता में कांग्रेस की भूमिका के प्रति किंतु-परंतु करते थे, वे भी अब एकता के प्रयासों को नई उम्मीद से देख रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी भी समान विचार वाले दलों के साथ समन्वय की बात करने लगी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि कर्नाटक चुनाव से पहले एकजुटता के जरिये विपक्ष महासमर की मॉक ड्रिल करने के मूड में है। वैसे उसके बाद साल के अंत तक महत्वपूर्ण राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होने हैं। कांग्रेस के लिये बेहतर प्रदर्शन की चुनौती यह भी होगी कि इन तीनों राज्यों में उसकी ही सरकारें हैं। ऐसे में सवाल उठेगा कि क्या कांग्रेस विपक्षी एकता के फार्मूले का प्रयोग इन तीन राज्यों से शुरू कर देगी?

दरअसल, विपक्षी एकता की कवायद गाहे-बगाहे होती रही है, लेकिन इनमें तेजी बड़े चुनाव से पहले ही आती है। फिर कई राज्यों की सत्ता में काबिज विपक्षी दलों के क्षत्रप कांग्रेस को लेकर परहेज करते रहे हैं। इनमें वे दल भी शामिल हैं जिनका जन्म ही कांग्रेस विरोध और इस पार्टी से टूटकर हुआ है। मसलन उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो अखिलेश,बी.आर.एस सुप्रीमो चंद्रशेखर राव तथा तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी एकता के प्रयासों में कांग्रेस की बड़ी भूमिका से परहेज करती हैं। अब भी अहम सवाल यही है कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन बनेगा? लेकिन नीतीश कुमार अब विपक्षी एकता में कांग्रेस की बड़ी भूमिका के लिये मुहिम चला रहे हैं। हालांकि, अब तक अडाणी प्रकरण में जेपीसी जांच के मुद्दे पर अलग राय रखने वाले एनसीपी प्रमुख शरद पवार को विपक्षी एकता के प्रयासों में बाधक बताया जा रहा था, लेकिन अब पवार ने भी कह दिया है कि जेपीसी मुद्दे पर अलग राय होने के बावजूद वे विपक्षी एकता के पक्षधर हैं। वैसे भी पवार की पार्टी महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला चुकी है। कहीं न कहीं एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता खत्म होने ने भी विपक्षी एकजुटता की कवायद को बल दिया है। जिसके चलते परदे के आगे-पीछे एकता के प्रयासों को सिरे चढ़ाने की कवायद तेज हुई है। नीतीश अरसे बाद बिहार से निकलकर दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हुए हैं और लालू यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि से मिले हैं। जिसका निष्कर्ष यह पढ़ा जा सकता है कि विपक्षी एकता की योजना सिरे चढ़ती नजर आ रही है। कांग्रेस, जदयू व राजद की एकजुटता के बाद अन्य क्षत्रपों को एक साथ लाने के प्रयासों में आने वाले दिनों में तेजी देखी जा सकती है। वैसे भी तमिलनाडु में डीएमके, झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार में कांग्रेस सहयोगी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मौके पर नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी व एमएनएम एकजुटता दिखा चुके हैं। उम्मीद आप को लेकर भी लगायी जा रही है।

# विशेष रेल यात्रियों को राहत

दिव्यांगों की सुविधा का ख्याल करते हुए, रेलवे ने उनके लिए सभी ट्रेनों में नीचे की बर्थ का आवंटन निर्धारित किया है। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को इस बाबत आदेश दिया है। शयनयान श्रेणी में दो नीचे की व दो मध्य यानी चार बर्थ, तृतीय श्रेणी में एक नीचे की व एक मध्य बर्थ दिव्यांग व उनके परिचारकों के लिए सुनिश्चित रहेगी। गरीब रथ व चेअर कार में भी यही व्यवस्था रहेगी। दिव्यांगों को ऑनलाइन आरक्षण में भी यह सुविधा दी है। अकेले या छोटे बच्चों के साथ बुजुर्गों व स्त्रियों को पहले ही यह सुविधा दी जा रही है। दिव्यांगों व उनके लिए काम करने वाली संस्थाओं द्वारा इस तरह की सुविधाओं की मांग लगातार की जा रही थीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसारः दुनिया भर में सौ करोड़ से अधिक लोग किसी-न-किसी तरह की विशेष स्थिति के शिकार हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, अपने देश में कुल जनसंख्या की 2.21 फीसद आबादी दिव्यांगों की है। जिनके लिए सुविधाओं के अभाव में घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। उस पर लंबा सफर या रेल यात्राओं में आने वाली अड़चनों को समझा जा सकता है। विशेषतया जिन दिव्यांगों को सहायता नहीं उपलब्ध होती, उनके लिए भीड़-भाड़ वाली जगहों में जाना या यात्रा करने का विचार करना भी दुष्कर हो जाता है। कई बार लंबी रेल यात्रा में सहयात्रियों के असहयोग से भी उन्हें जूझना पड़ता रहा है। यह सुविधा उन्हें तथा उनके साथ चलने वाले परिवारी के लिए राहत भरी साबित होगी। जिन्हें पूर्व में टीटी या सहयात्रियों की मिन्नतें करनी पड़ती थीं। हालांकि अभी भी अपने यहां सड़कोंः सार्वजनिक स्थलों व परिवहन में इस तरह की विशेष सुविधाएं ना के बराबर हैं। मेट्रोः नई बसों, कुछेक नवनिर्मित भवनों, लिफ्ट आदि में विशेष लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखना शुरू कर दिया गया है। यह इसलिए भी बेहद जरूरी हैः क्योंकि सुविधाओं के साथ ही उनकी भावनाओं व स्वाभिमान का भी ख्याल रखना हमारा कर्तव्य भी है। बेशक हाल के वर्षों में यात्री सुविधाओं की दृष्टि से रेल मंत्रालय की तरफ से खासे-अच्छे प्रयास किए हैं और दिव्यांगों के प्रति संवेदना दिखाकर अपने जनकल्याणकारी सरोकार उजागर किए हैं। यह निर्णय वाकई में दिव्यांगों और उनके परिजनों के लिए सुकूनदेह है।



## सूक्ति

अपने हृदय में उस दिव्य चिंगारी, जिसे अंतरात्मा कहते है, को जिंदा रखने के लिए मेहनत करो।
– जोर्ज वाशिंगटन

कुछ भी इतना कठिन नहीं है अगर आप उसे छोटे-छोटे कार्यो में विभाजित कर ले।
– हेनरी फोर्ड

## चिंतन-मनन

# वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।

क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ।

राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं।

समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है। अध्यात्म की भूमिका इससे भिन्न है। इसमें अपराधी व्यक्ति स्वयं अपराध-शोधन के लिए प्रायश्चित स्वीकार करता है। अपराधी को बलात दंडित करने या उसके प्रति प्रोध प्रदर्शित करने की बात क्षमा-धर्म द्वारा संभव नहीं है। साधना के पथ पर अग्रसर साधकों के लिए क्षमा के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही नहीं हैं। क्षमा का प्रभाव अप्रतिहत होता है, पर क्षमा-धर्म की साधना है बहुत कठिन।

# उद्यमी देश के नायक या खलनायक

आर.के. सिन्हा



इंफोसिस के संस्थापक एन.नारायण मूर्ति जब भी बोलते हैं तो उसे सबको सुनना ही पड़ता है। वे अपनी बात बेखौफ अंदाज में रखते हैं। उन्होंने पिछले दिनों इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद (आईआईएम-ए) के 58वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा कि कारपोरेट लीडर्स को अपना वेतन लेते हुए संयम बरतना चाहिए। उनका लाइफ स्टाइल भी बहुत खर्चीला नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि जिस देश में अब भी खासी गरीबी है, वहां पर उद्योगपतियों को एक तरह से अपने व्यवहार से उदाहरण पेश करना चाहिए। नारायणमूर्ति जी की बात पर गौर तो किया ही जाना चाहिए।

मुझे याद है कि भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में जब मैं मानव संसाधन और विज्ञान एवं प्राद्योगिकी मंत्रालय में सलाहकार था, नारायणमूर्ति जी आईआईए, अहमदाबाद के अध्यक्ष थे और कई विषयों पर मंत्रालय से अलग विचारों के लिए विवादों में भी आ जाते थे। पर, वे अपनी बात मजबूती से रखते थे और कौन क्या सोच रहा है, इसकी परवाह नहीं करते थे। यह कहना सही होगा कि हमारे यहां के अमीरों का लाइफ स्टाइल किसी राजा-महाराज जैसा रहने लगा है। ये शादी ब्याह के अवसरों पर या फिर अपने घरों को खरीदने में सैकड़ों करोड़ रुपये फूंक देते हैं, जिसकी कोई जरूरत नहीं होती है। माइक्रोसाफ्ट के सांसद चेयरमेन बिल गेट्स से अधिक धनी कौन होगा। पर उनका जीवन सादगी भरा है। वे कमाए हुए धन के बड़े भाग का उपयोग लोक कल्याण के लिए करते हैं। इधर आनंद महिन्द्रा जैसे उद्योगपति भी हैं। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा समूह के चेयरमेन आनंद महिन्द्रा अपनी पुत्री का विवाह सादगी के साथ करते हैं। उनके विवाह समारोह में तीन-चार दर्जन लोग रहते हैं। यह ही होना भी चाहिए। नारायणणूर्ति का लाइफ स्टाइल भी बहुत सादगी भरा है। वे अपने अरबों रुपये के घर में नहीं रहते। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्रषि सुनक के ससुर नारायणमूर्ति जी की पत्नी सुधा जी को भी आप कोई बहुत महंगी साड़ी पहने हुए नहीं देखे होंगे। दोनों पति-पत्नी लोक कल्याण के कार्यों में लगे रहते हैं। रतन टाटा भी धन नहीं फूंकते।

फिलहाल अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर धूल में मिल गए हैं। गौतम अदाणी पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं। उन्हे जबरदस्ती खलनायक बना दिया गया है। ये नकारात्मकता बढ़ती ही जा रही है। थोड़ा पीछे चलते हैं। यूपीए सरकार के दौर में कुमार मंगलम बिड़ला समूह के अध्यक्ष आदित्य बिड़ला पर कोलगेट में एफआईआर दर्ज हो गई थी। बिड़ला का भारत के कारपोरेट जगत में टाटा ग्रुप के पुराण पुरुष रतन टाटा, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के प्रमुख आनंद महिन्द्रा, एचडीएफसी बैक के चेयरमेन दीपक पारेख के जैसा ही स्थान है। इससे पहले कभी कुमार मंगलम बिड़ला का नाम किसी विवाद में नहीं आया था। इसलिए उनके खिलाफ सीबीआई की तरफ से चार्जशीट दायर करने से हड़कंप मच गया था। अगर हम अपने देश के उजली छवि वाले कारपोरेट जगत के दिग्गजों पर मिथ्या आरोप लगाएंगे या फिर उन पर एफआईआर दर्ज करवाएंगे तो समझ लें कि दुनियाभर में भारतीय कारोबारियों की गलत छवि ही जाएगी।

यह निश्चित रूप से विचारणीय मसला है कि किसी कंपनी के सीईओ को कितनी सेलरी मिले? सीईओ अपनी कंपनी का कप्तान होता है। तो क्या इस लिए उसे अपनी कंपनी के बाकी कर्मियों की अपेक्षा कई गुना अधिक पगार मिले ? क्या कंपनी के कर्मियों का उसे बुलंदियों में लेकर जाने में कोई रोल नहीं होता? क्या सिर्फ सीईओ ही अपनी कंपनी की सफलता का श्रेय ले ले? सीईओ को भारी-भरकम पगार मिलती रहे, इसके पक्ष में एक तर्क भी दिया जाता है। कहा जाता है कि चूंकि वह अपनी मेहनत से शिखर पर पहुंचता है, इसलिए मोटी पगार पाना उसका हक है ? कुछ साल पहले देश की एक प्रमुख टायर कंपनी के सीईओ की पगार पर बवाल मचा था। उसने अपनी सालाना सेलरी में दस फीसद तक की वृद्धि कर ली हालांकि उसकी कंपनी का मुनाफा विगत वर्षों की तुलना में घट रहा था।

अब एक सवाल? क्या कोई कर्मी खराब प्रदर्शन करने के बाद भी अपनी वेतन में मोटी वृद्धि की उम्मीद कर सकता है? नहीं। ये ही सवाल उस टायर कंपनी के सीईओ से क्यों नहीं पूछा जाता? जब देश में करीब पौन अरब आबादी एक लाख रुपये सालाना रुपये से कम पर गुजर -बसर करती हो तब ऐसी बर्बर पगार-विषमता को कैसे न्यायपूर्ण ठहराया जा सकता है? सरकार किसी भी दल या गठबंधन की रहे, क्या इतनी वीभत्स पूंजीवादी व्यवस्था को झेलना चाहिए? आर्थिक उदारीकरण के पश्चात सेलरी में गुणात्मक सुधार हुआ है। सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों में काम करने वालों की सेलरी अब सम्मानजनक हो चुकी है। पर सेलरी में अंतर काफी बढ़ा है। इस स्थिति के कारण कर्मियों में तनाव और आपस में एक-दूसरे के प्रति अविश्वास और वैमनस्थ का भाव भी बढ़ा है।

यह तो तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि हमारे यहां सफल उद्यमियों को लेकर समाज के एक वर्ग की बड़ी नेगेटिव राय रहती है। देख लीजिए कि आजकल देश के दो महत्वपूर्ण औद्योगिक घरानों के पीछे अकारण सोशल मीडिया पड़ा है। यहां पर बात रिलायंस और अडाणी समूहों की हो रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल, कपड़ा, प्राकृतिक संसाधन, खुदरा व्यापार और दूरसंचार के क्षेत्र में देश व्यापी बड़ा कारोबार करती है । रिलायंस भारत की सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनियों में से एक है। इसका अर्थ यह हुआ कि रिलायंस के लाखों शेयर होल्डर भी उस लाभ के भागीदार हैं। इसमें लाखों पेशेवर काम भी करते हैं। लगभग सभी की तनख्वाह इतनी अधिक होती है कि सभी टैक्स देते हैं। अब बात कर लें अडाणी समूह की भी। कुछ समय पहले, हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें आरोप लगाया गया कि समूह स्टॉक हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी में शामिल है। इस रिपोर्ट के आने के बाद हमारा सोशल मीडिया अडाणी के पीछे इस तरह से पड़ गया मानो उसने कोई अपराध किया हो। अभी तो उस पर कोई अपराध साबित नहीं हुआ है। पर इससे किसी को कोई मतलब भी नहीं है।

फिलहाल अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर धूल में मिल गए हैं। गौतम अदाणी पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं। उन्हे जबरदस्ती खलनायक बना दिया गया है। ये नकारात्मकता बढ़ती ही जा रही है। थोड़ा पीछे चलते हैं। यूपीए सरकार के दौर में कुमार मंगलम बिड़ला समूह के अध्यक्ष आदित्य बिड़ला पर कोलगेट में एफआईआर दर्ज हो गई थी। बिड़ला का भारत के कारपोरेट जगत में टाटा ग्रुप के पुराण पुरुष रतन टाटा, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के प्रमुख आनंद महिन्द्रा, एचडीएफसी बैक के चेयरमेन दीपक पारेख के जैसा ही स्थान है। इससे पहले कभी कुमार मंगलम बिड़ला का नाम किसी विवाद में नहीं आया था। इसलिए उनके खिलाफ सीबीआई की तरफ से चार्जशीट दायर करने से हड़कंप मच गया था। अगर हम अपने देश के उजली छवि वाले कारपोरेट जगत के दिग्गजों पर मिथ्या आरोप लगाएंगे या फिर उन पर एफआईआर दर्ज करवाएंगे तो समझ लें कि दुनियाभर में भारतीय कारोबारियों की गलत छवि ही जाएगी। खैर, अब कुमार मंगलम बिड़ला को हाल ही में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वे इस सम्मान के हकदार हैं। कुल मिलाकर बात ये है कि एक तरफ तो एन. नारायणमूर्ति की सलाह पर देश के बड़े कारोबारियों और धनी लोगों को अमल करना होगा। दूसरा, देश को अपने उद्योग जगत की सफल हस्तियों का सम्मान करना भी सीखना होगा। (लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## विचार-मंथन

# गलत एवं सही तथ्यों की जांच कौन करेगा?



सनत जैन





भारत में इस समय 50 करोड़ से ज्यादा व्हाट्सएप यूजर है। 30 करोड़ से ज्यादा फेसबुक के यूजर्स है। यूट्यूब के भी करोड़ों यूजर्स है। गूगल सर्च इंजन के करोणों यूजर्स हैं। सभी इंटरनेशनल कंपनियां हैं। यहां पर इनके खुद के टूल हैं। इन्होंने अपना फैक्ट चेकिंग नेटवर्क बनाया हुआ है। कॉपीराइट से संबंधित मामलों को भी चेक करने की व्यवस्था है। इंटरनेशनल फैक्ट चेकिंग नेटवर्क को भारत की 11 संस्थाओं द्वारा मान्यता दी गई है। कई मीडिया के संस्थानों ने भी फैक्ट चेकिंग के प्लेटफार्म बनाए हुए हैं। सब अपने-अपने तरीके से फैक्ट चेकिंग कर अपनी अपनी राय देते हैं। फैक्ट चेकिंग भारत में बहुत बड़ा कारोबार बन गया है। जो संस्था फैक्ट चेक करती है। वह भुगतान भी लेती है।

इतनी बड़ी संख्या में सोशल मीडिया पर रोजाना करोड़ों की संख्या में सूचनाएं और विभिन्न जानकारियां पोस्ट की जाती हैं। वर्तमान पीढ़ी लगभग 2 घंटे रोजाना मोबाइल फोन से विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के कंटेंट को एक्सेस करती है। मोबाइल नेटवर्क पर यूजर्स कौन से कंटेंट को खोज रहे हैं। उस को आधार बनाकर एक बड़ा मार्केट भी यूज़र तक पहुंचने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियां उपयोग करती हैं। राष्ट्रीय राजनीतिक दल सोशल मी?डिया का उपयोग कर अपने हिसाब से अपनी बातें पहुंचाते हैं। जो कंटेंट जितना सनसनीखेज होगा। उसका व्यूज़ भी उतने ही ज्यादा मिलते हैं। उतनी ही कमाई लोगों को होती है। भारत से दुनिया के किसी भी देश में फैक्ट चेकिंग की गुणवत्ता या कोई मापदंड है।

सोशल मीडिया की कंपनियां अपनी निष्पक्षता को बनाये रख पाने में असफल साबित हो रही हैं। इंटरनेट पर जिस तरह से लोग अपनी बात कह पा रहे थे। पिछले एक दशक में सरकारों ने इस फीडम को नियम कानून बनाकर बाधित करना शुरू कर दिया है। फेसबुक ने अपनी नीति बना रखी है। वह राजनेताओं से नहीं उलझती है। कुछ इसी तरीके की स्थिति ट्यूटर की भी देखने को ?मिने लगी है। यूट्यूब भी इसी दौर से गुजर रहा है। फेसबुक के मार्क जकरबर्ग स्पष्ट रूप से कहते हैं कि वह राजनेताओं के फैक्ट चेक नहीं करेंगे। हाल ही में ट्विटर ने भी यह कह दिया है कि भारत में सरकार ने जिस तरह के नियम और कानून बना रखे हैं, उसमें हमें सरकार की बात मानने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। सरकार जिसे कहती है हटा दो, हम हटा देते हैं। व्हाट्सएप को लेकर तो एक नई बात सामने आ रही है। जो कानून भारत सरकार ने बनाए हैं, उसके बाद सारे एक्सेस भारत सरकार को देने की बाध्यता हो गई है। इसके बाद वाट्सऐप के सारे यूजर्स सरकारी नियंत्रण के दायरे में आ गये हैं। नाग?रिकों की स्वतंत्रता पर सरकार ने पहरा लगा दिया है। सोशल मीडिया का जो नया कानून भारत सरकार लेकर आ रही है, उसके अनुसार इंटरनेट पर चलने वाली सभी वेबसाइट सरकार के फैक्ट चेक के दायरे में हैं। जो सूचनाएं गलत पाई जाएंगी या जो सरकार नहीं चाहेगी, उसे तुरंत हटाने की जिम्मेदारी वेबसाइट की होगी। अन्यथा वेबसाइट के ऊपर आपरा?धिक कार्यवाही भी हो सकती है।

इंटरनेट के विभिन्न पोर्टल और सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर रोजाना अरबों की संख्या में समाचार सूचनाएं और विचार पोस्ट किए जाते हैं। वह सही है या गलत है, इसकी जांच करने का कोई भी मानदंड नहीं है। यूजर्स किसी कंटेंट पर विश्वास नहीं कर पा रहा है। जो कंटेंट पढ़ रहे हैं या देख रहे हैं, वह सही है या गलत है। ऐसे कंटेंन का फैक्ट चेक करना मुश्किल है। ऐसी स्थिति में यूजर्स के पास कोई अधिकार नहीं है। उसे लगता है कि कोई साइट उसे गलत कंटेंट दे रही है, उसे वह रोक सके। सोशल मीडिया पर बेबुनियाद अफवाहें फैलाकर यूजर्स का अपने पक्ष और अपने हितों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। फेक न्यूज़ प्रमाणित हो जाने पर उसे दंडित करने पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, इसके लिए एक अलग न्यायिक तंत्र तैयार करना पड़ेगा।

भारत में जिस तरह से इंटरनेशनल सोशल मीडिया के प्लेटफार्म काम कर रहे हैं। मोबाइल और इंटरनेट टेक्नोलॉजी का जितना दुरुपयोग और जितना दोहन भारत में हो रहा है। वह विश्व के अन्य देशों में नहीं हो रहा है। इसमें भारत सरकार की लापरवाही सबसे ज्यादा है। मोबाइल फोन एंड्राइड से चल रहे हैं। घर में टेलीविजन सेट भी एंड्रॉयड से चल रहे हैं। एंड्राइड तकनीकी सोशल मीडिया के प्लेटफार्म गूगल, यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर इत्यादि यूजर्स चाहें या ना चाहें, उसे मोबाइल फोन पर आवश्यक रूप से भेजे जा रहे हैं। भारत के यूजर्स से अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भारी कमाई कर रही हैं। इंटरनेट पर आधारित सूचनाओं पर जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने अपना एकाधिकार भारत में गनाया है, इसने भारत की एक बहुत बड़ी आबादी को मोबाइल एडिक्शन का शिकार बनाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 2 से लेकर 6 घंटे तक युवा सोशल मीडिया पर ?बिता रहे हैं। जो उन्हें दिशाहीन बनाता जा रहा है। युवाओं का भविष्य भी खराब होता जा रहा है। इस संबंध में भारत सरकार की कोई नी?ति नहीं है। सूचनाओं की होड़ में गलत सही की पहचान बड़ा मुश्किल का काम हो गया है। भारत सरकार द्वारा सोशल मीडिया के लिए जो नया कानून लाया गया है। वह वर्तमान राजनीतिक और प्रशासनिक परिपेक्ष्य में क्या असर डालेगा कहना मुश्किल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो प्लेटफार्म इंटरनेट पर उपलब्ध था। उस पर धीरे-धीरे सरकारी शिकंजा कसता जा रहा है।

## आलेख

# गर्मा गर्म हमारी धरती



प्रकाश पाठक, रांची

गर्मा गर्म ये शब्द हम अक्सर किसी खाद्य पदार्थ के लिए उपयोग करते हैं लेकिन आज हम तरक्की की अंधी दौड़ में अपने पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर अपनी धरती को भी गर्म करके खाते ही जा रहे हैं। आज सारी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की परेशानी झेल रही है।आज हमें खुद से ये सवाल पूछना चाहिए कि क्या हम तरक्की के लिए पर्यावरण को नजरंदाज कर के सही कर रहे हैं।धरती के जंगलों को नष्ट करके हम कंक्रिट के जंगल बना रहे हैं क्या ये सही है?आज हम खुद ही अपनी दुनिया को बर्बादी की तरफ ले जा रहे हैं।आज हम जितनी सुख सुविधाओं में जी रहे हैं उसके लिए हमे कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है क्या हमने कभी ये सोचा है?हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक आधुनिक युग तो दे कर जाएंगे पर क्या उन्हे एक शुद्ध पर्यावरण देकर जाएंगे,क्या अगली पीढ़ी कभी ये जान पाएगी कि वो क्या खो चुकी है।आज सारी दुनिया में तरक्की के लिए जंगलों,पहाड़ों और नदियों को बर्बाद किया जा रहा है,जंगलों को साफ कर वहां शहर बसाए जा रहे हैं। हजारों फैक्ट्रियां लगाई जा रही है।लाखों की तादात में गाड़ियां चलती है।इस कारण फैक्ट्रियों और वाहनों के द्वारा उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड एवं कई हानिकारक गैसों के कारण वायु प्रदूषण तो होता ही है साथ ही साथ ये वातावरण में पहुंच कर ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचा रही है जिसके कारण सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणे धरती पर पहुंच कर हमारी धरती को भी नुकसान पहुंचा रही है।ओजोन परत को नुकसान पहुंचने के कारण धरती गर्म होती जा रही है जिसके कारण आज ग्लेशियर पिघलने लगे हैं जो कि आने वाले समय में समुद्र के जल स्तर को बढ़ा कर सारी दुनिया के लिए बाढ़ और सुनामी का कारण बनकर हमे विनाश की ओर ले जा सकते हैं। आज हम शहर पर शहर बसाए जा रहे हैं,सड़कों का जाल बिछा रहे हैं लेकिन इसके लिए जंगलों को काटकर नष्ट करते जा रहे हैं,और खानापूर्ति के लिए शहरों में पार्क बनाकर और कुछ पेड़ पौधे लगाकर समझते हैं कि हम पर्यावरण को बचा रहे हैं।आज दुनियाभर में हाईवे पर हाईवे बनते जा रहे हैं,कई सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है और इसके लिए लाखों पेड़ काटे जा रहें हैं और इसके एवज में गिनती के पेड़ लगाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।क्या लाखों पेड़ों के बदले कुछ सौ पेड़ लगाकर हम पर्यावरण को बचा सकते हैं?हम पढ़े लिखे लोग ही इतने बड़े मूर्ख हैं कि आधुनिकता और ऐशो आराम के लिए पर्यावरण को नजरंदाज कर रहे हैं,और गांव वालों जिन्हे हम अनपढ़ गंवार समझते हैं वो लोग आज भी पर्यावरण को बचाने में लगे रहते हैं।वे लोग खुद तो नदियों जंगलों को बचाते तो हैं ही साथ ही अपने बच्चों को भी यही शिक्षा प्रदान करते हैं।और शहरी लोग अपनी पीढ़ी को क्या सिखा कर जाएंगे हमे ये सोचना होगा।पर्यावरण को नजरंदाज कर हम खुद ही विनाश की दहलीज पर खड़े हो गए हैं,आज वायु,जल और मिट्टी ये सभी प्रदूषित होते जा रहे हैं,फैक्ट्रियों और वाहनों से निकलने वाले धुएं से वायु प्रदूषण तो हो ही रहा है साथ ही फैक्ट्रियों से निकलने वाले हानिकारक रसायन युक्त जल हमारी नदियों में मिलकर नदियों के साथ साथ भूगर्भ जल को भी प्रदूषित कर रहा है।इसके अलावा सारी दुनिया में प्लास्टिक और कई प्रकार हानिकारक कचड़े के कारण मिट्टी भी प्रदूषित होती जा रही है,इसके अलावा आज खेती के लिए रसायनिक खाद का वृहद स्तर पर उपयोग के कारण धरती की उर्वरता भी नष्ट होती जा रही है।तरक्की की दौड़ में हम इतने अंधे हो गए हैं कि हम खुद ही अपने विनाश को देख नहीं पा रहे।हमारी खुद की गलती का नतीजा ही था कि अभी हमने दो वर्षों तक कोरोना जैसी महामारी का शिकार हुए जिसने दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जान ली थी और अभी भी हम इससे पूरी तरह से मुक्त नहीं हो पाए हैं,क्या करोड़ों लोगों की मौत का कारण सिर्फ एक वायरस ही था क्या हम खुद इसके जिम्मेदार नहीं हैं।आज हम जिस तरह की जीवनशैली अपनाए हुए है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर खुद को कमजोर बनाते जा रहे हैं क्या ये भी एक विशेष कारण नही की हमने अपने ही लोगों को की इस महामारी में को दिया। कोरोना जैसी महामारी में ज्यादातर मौतें शहरी क्षेत्रों में ही गई इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों में कम जानें गई हैं।क्या इसका एक महत्वपूर्ण कारण ये नही कि शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पर्यावरण संरक्षण में आगे है,और शहरी लोगों के मुकाबले गांव के लोग पर्यावरण के नजदीक होने के कारण शारीरिक एवं मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ हैं।कोरोना काल में लॉकडाउन के समय जब तमाम फैक्ट्रियां और गाड़ियां आदि चलनी बंद हो गई थी तो सारी दुनिया भर में लोगों ने पर्यावरण का स्वच्छ और सुंदर रूप देखा और ये समझा की हमने खुद ही अपनी दुनिया को कितना नुकसान पहुंचाया है।इससे सीख लेकर आज दुनिया भर के तमाम देशों ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं,और दुनिया भर में ग्लोबल वार्मिंग के कारण गर्म होती जा रही धरती को सुरक्षित बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु नए मानकों को निर्धारित किया गया है।जंगलों,पहाड़ों और नदियों को नवजीवन देने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।अगर हम सब मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्प हो जाएं तो अपनी धरती को बचा सकते हैं और अपनी आने वाली पीढ़ी को एक सुंदर और सुरक्षित पर्यावरण देकर उनके जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। 'पर्यावरण संरक्षण यानी सुरक्षित धरती और सुरक्षित जीवन'

# भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आगामी कार्यक्रम सुषमा स्वराज सम्मान समारोह के लिए की गई बैठक

अक्षर सम्राट, खंडवा।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हर्षा ठाकुर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा सुषमा स्वराज सम्मान समारोह किया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष इंदु दुबे की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम सुषमा स्वराज सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर पदाधिकारी गण के साथ बैठक की गई ।जिसने निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई । कार्यक्रम प्रभारी ममता बोरसे ने बताया कि ने शहर की ऐसी महिलाओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने अपने बल पर अपनी पहचान बनाई एवम् समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए साथ ही समाज के लिए मिसाल बनी।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारी गण जिला उपाध्यक्ष चारु मंगल यादव ,महामंत्री श्रुति जैन ,मंडल उपाध्यक्ष स्नेहा पाराशर एवं मंडल महामंत्री निशा अग्रवाल बैठक में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को मिले सरकारी नौकरी, कुश्ती संघ ने सांसद पाटिल को सौंपा ज्ञापन

अक्षर सम्राट, खंडवा।

कुश्ती के क्षेत्र में खंडवा के युवा और युवतियों ने उसी का शानदार प्रदर्शन करते हुए खंडवा का नाम देश विदेश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन किया है 12 से ज्यादा कुश्ती खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में सम्मान के साथ मेडल प्राप्त कर चुके हैं मध्यप्रदेश शासन की घोषणा अनुसार इन मेडल प्राप्त उसके खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी की गुहार है सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को जिला कुश्ती संघ की ओर से एक आवेदन पत्र सौपा गया ।

ज्ञापन में खंडवा जिले के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त पहलवानों के सरकारी रोजगार के सम्बंध में आवेदन पत्र दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा घोषणा



की गई की गई है कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश के सरकारी विभागों में खेल कोटे से रोजगार दिया जायेगा। अभी तक खण्डवा जिले के खिलाड़ियों को नोकरी प्रदान नहीं की है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर माधुरी पटेल राष्ट्रीय स्तर पर रोहित पटेल, उदित पटेल, छाया पटेल, अनेरी सोनकर, प्रांजल सोनकर वअन्य कुश्ती पहलवान ने कई मैडल प्राप्त किए हैं। सांसद को उक्त पहलवानों के बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र दिया गया है। सांसद श्री पाटील द्वारा कुश्ती संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया गया है कि खिलाड़ियों को सेंट्रल व स्टेट स्तर पर रोजगार दिलाने का प्रयास करूंगा।

आवेदन पत्र जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष मंगल यादव , सचिव राजेंद्र पांजरे, ऋषि सोनकर, समाजसेवी सुनील जैन, अनूप पटेल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल , जगदीश पटेल, धर्मेन्द्र पांजरे, किशन पटेल, बाबा बारसे, आदि ने सांसद पाटिल को सौंपा आवेदन दिया।

## कुंडलपुर से शुरू होकर पटेरा में भी निकली बाइक रैली

# अम्बेडकर जयंती पर निकाली बाईक रैली, घंटाघर पर स्वागत





अक्षर सम्राट, दमोह

दमोह जिले वासियों ने भारतीय संविधान के रचेता भारतरत्न बाबा साहेब अम्बेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य बाईक रैली का आयोजन किया एवं बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बताएं मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। इस विशाल रैली में महिला बच्चों की उपस्थिति इतिहासिक रही। इस मौके पर अहिरवार समाज संघ प्रदेश प्रवक्ता कोमल अहिरवार ने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था जब तक भारत का संविधान जिंदा है तब तक मैं आप लोगों के बीच जिंदा रहूंगा। जिस दिन संविधान खत्म हो जायेगा उसी दिन मैं भी खत्म हो जाउंगा।

इसलिये संविधान रूपी कारवा अगर आगे न ले जा सके तो उसे किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं आने देना उसे ज्यो का त्यो छोड़ देना और उसकी रक्षा करना। इसी तारतम्य में मोहनीश राव ने समाज नशा से मुक्त करना एवं बाबा साहब की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाना होगा तभी हम बाबा साहब अंबेडकर के भारत को मूल रूप दे पायेगें। इसी मौके पर रामेश्वर चौधरी ने समाज को शिक्षित करने का आव्हान किया। इस प्रकार से समाज के सभी बृद्धि जीवियों ने बाबा साहब अंबेडकर के संघर्षो पर विचार व्यक्त कियें। बाईक रैली के अंत में धर्मेन्द्र रोहित, जोगेन्द्र चौधरी, विनोद राज ने आभार व्यक्त किया।

बाईक रैली में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहीं। कुंडलपुर से शुरू होकर पटेरा में भी गाजे-बाजे के साथ बाइक रैली निकाली गई जिसमें संपूर्ण क्षेत्र के भीम आर्मी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ अंबेडकर जयंती वाहन रैली का स्वागत..दमोह। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सतीश तिवारी एवं पदाधिकारियों ने संविधान रचियता भारत में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित वाहन रैली का घंटाघर पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि संविधान रचियता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक विधि वेत्ता एवं समाज सुधारक थे भारतीय राजनीति में उनका अमूल्य योगदान रहा है..

जिस संविधान के कारण आज भारत का प्रत्येक नागरिक स्वयं पर गर्व करता है उसकी रचना में मुख्य किरदार डॉक्टर अंबेडकर जी का ही रहा है उनकी जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित वाहन रैली का हम सभी ने स्वागत किया है यह डॉक्टर अंबेडकर जी के चरणों में हम सभी का सादर वंदन है।स्वागत में आलोक गोस्वामी, श्याम शिवहरे, गौरव जैन, जुगल अग्रवाल, सनी गांधी, अभिषेक सोनी, गौरव चौरहा, राजुल चौरहा, पंकज पटेल, हर्ष पटेल, अंकित असाटी, पवन असाटी, सूरज नामदेव आदि ने रैली का स्वागत किया।

# मन लगाकर पढे, माता-पिता का नाम रोशन करें, नि:शुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन





नीलिमा डाबी

**झाबुआ/परवलिया(अक्षर सम्राट)।** अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक कलसिंह भाभर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पोनी जालम डामर, जालम डामर, भाजपा मंडल अध्यक्ष समर्थ गोलू उपाध्याय,परवलिया सरपंच श्रीमती दीमा खुशाल सिंगाड के मुख्य आथित्य में कक्षा 9 वी के विद्यार्थियो को साइकिल वितरण किया गया।

इस अवसर पर उप सरपंच पूरन पाटीदार, खुशाल सिंगाड़,जनपद सदस्य अर्जुन मैड़ा, यशवंत बामनिया, सुरेश बिलवाल, मसुल निनामा, सरपंच खादन काना जी, सरपंच उदयपुरिया भरत कटारा, पूर्व सरपंच बालू चरपोटा, कार्यकर्ता अक्षय पाटीदार, अलकेश रावत रूपगढ़ ,बच्चो के पालक, संस्था शिक्षक, संस्था प्राचार्य स्वरूप श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में बच्चो को बताकर संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण कर संस्था ,माता पिता का व।जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य स्वरूप श्रीवास्तव ने दिया ,संचालन पीटीआई विश्वास शर्मा व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र जानी ने किया।

# जिंदल कंपनी के ठेकेदारों द्वारा जल जीवन मिशन योजना में किया जा रहा बड़ा घोटाला

**दमोह/जबेरा(अक्षर सम्राट)।** मामला ब्लॉक जबेरा की ग्राम पंचायत भाट खमरिया का है ग्राम वासि अमर सिंह बेड़ी राय मुन्ना पटेल घनश्याम सिंह दरोगी पटेल रम्मू सींग ने बताया कि गांव-गांव और घर-घर जमीन के अंदर से डलने वाली पाइप लाइन के साथ जीपीएस लोकेशन के लिए तांबे का सिंगल इलेक्ट्रॉनिक तार लगाया जाता है ताकि लाइन खराब होने पर उसकी लोकेशन प्राप्त की जा सके और समय पर ठीक किया जा सके वही जनपद उपाध्यक्ष प्रति. डॉ सुजान



सिंह ने बताया कि जिंदल कंपनी के ठेकेदारों एवं सुपरवाइजर सुनील पटेल द्वारा उस तार को पाइप लाइन से उखाड़वा कर मार्केट में महंगे दामों पर बेचा जा रहा हैं जब इसका विरोध ग्राम वासियों ने किया तो ठेकेदारों और सुपरवाइजर के कर्मचारियों ने कहा कि हम लोग तार को निकालेंगे आपको जो करना है कर लेना।

# लाडली बहना योजना का दूरदराज के क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं : मुख्यमंत्री

## गेहूं उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो

अक्षर सम्राट, झाबुआ।






मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी कमिश्नरो एवं कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि लाडली बहना योजना का प्रदेश के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रचार प्रसार का कार्य स्थानीय भाषा में हो यह सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि दूरदराज जनजाति क्षेत्रों में लाडली बहना योजना के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन भी कराएं तथा सोशल मीडिया का उपयोग भी सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कमिश्नरो एवं कलेक्टरो को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लाडली बहना योजना के प्रचार में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। लाडली बहना योजना की जानकारी प्रदेश की दूरदराज की महिलाओं को होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन का कार्य सहजता से होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था हो किसानों के लिए छाया, पेयजल, अच्छी बैठक व्यवस्था हो, विलंब होने पर किसानों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केंद्रों में खराब मौसम को दृष्टिगत रखते हुए तिरपाल आदि की व्यवस्था भी रखना सुनिश्चित।

मुख्यमंत्री ने गेहूं उपार्जन केंद्रों में तौल कांटे और हमाल कि समुचित भी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपार्जन केंद्रों से गेहूं का परिवहन समय पर सुनिश्चित कराएं तथा किसानों को राशि का भुगतान समय पर हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी कमिश्नरो और कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई है ओलावृष्टि में हुई क्षति का तत्काल सर्वे कराएं तथा किसानों को नई दरों पर क्षति राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिले से कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर एस.एस.मुजाल्दा, संबंधित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हटा में विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

विजय यादव



**दमोह/हटा(अक्षर सम्राट)।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह आज हटा दौरे पर थे,इस दौरान वे डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

दिग्विजयसिंह अपने काफिले के साथ चंड़ी जी वार्ड पँहुचे यंहा सन्त रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद नगरपालिका द्वारा स्वीकृत बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा निर्माण स्थल पर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने दलित वर्ग के लोगों को आवासीय पट्टे दिए थे,भाजपा सरकार में उन्हें पूंजीपतियों को बिक्रय कराया जा रहा है और उन्हें आवास से बंचित किया जा रहा,जबकि इन पट्टों का बिना अनुमति बिक्रय नही हो सकता,उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार बैकलॉग पदों की भर्ती नही कर रही,पिछले दरवाजों से नियुक्ति हो रही,उन्होंने आरोप लगाया कि दलित वर्ग के होनहार छात्र का चयन नही हो रहा जबकि ब्यापम जैसे घोटाले कर सरकार धनाढ्य लोगो को खासी रकम लेकर चयनित कर रही है उन्होंने आवाहन किया कि भाजपा के इन दलित विरोधी मंसूबो को कुचलने के लिए कांग्रेस का साथ दीजिये,,उन्होंने आंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए नगर पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक और उनकी टीम की सराहना की।

उसके बाद दिग्विजयसिंह गांधी वार्ड अम्बेडकर चौक पँहुचें यंहा जयंती समारोह कार्यक्रम में भाग लिया और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के निज निवास सभी वर्गों के लोगों के साथ में समरसता भोज में भी शामिल हुए।

**जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एडवोकेट के के वर्मा के समर्थको ने मुख्य मार्ग पर काफिला रोक किया स्वागत**-जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता एडवोकेट के के वर्मा के समर्थकों ने हटा पन्ना मुख्यमार्ग पर दिग्विजयसिंह का काफिला रोक लिया और स्वागत किया..इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक दिग्विजयसिंह से हटा विधानसभा की टिकट के के वर्मा के लिए मांग करते नजर आए और पूर्व मुख्यमंत्री को फाइल सोंपकर टिकट की मांग की।

**पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर बोला हमला:** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह आज हटा पँहुचे यंहा मंगल भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया... पत्रकार वार्ता में दिग्विजयसिंह ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा

उन्होंने कहा कि नबम्बर में विधानसभा चुनाव होने 2018 के चुनाव में जनता द्वारा हमे चुना गया लेकिन भाजपा के दलबल ने हमारे बेईमान विधायको को खरीद लिया और सरकार गिरा दी.. हमारी 15 महीने की सरकार ने किसानों के हित मे कार्य किया बिजली बिल,कर्जमाफी की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ढिंढोरा पीटते की कर्ज माफ नही हुआ जबकी उन्हें ग्रह ग्राम में उनके रिश्तेदार किसानों का कर्ज माफ हुआ इसके आंकड़े हमारे पास है।

दिग्विजयसिंह ने पूर्व मंत्री राजा पटेरिया मामले पर कहा की उन्होंने कभी मख्खी नई मारी मोदी को क्या मारेंगे,, उनके द्वारा दिये गए बयान पर बेबजह राजनीति करने और भाजपा द्वारा कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकद्दमे बनाने के भी आरोप लगाए, उन्होंने कहा की भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं पर झूठे मामले बनवा रही सागर के खुरई में तो एक नेता की मिलीभगत से लगातार कांग्रेशियो पर झूठे मामले बनाए जाते हैं। इस अवसर पर विधायक अजय टंडन रामेश्वर नीखरा पवन पटेल घनश्याम यादव परसोत्तम पन्या भगवानदास चौधरी प्रदीप पटेल दीपेश पटेरिया सुनील बजाज कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव देवेंद्र राय सहित भारी संख्या में नगर एवं ग्रामीण अंचलों के भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर जन सुनवाई में अब जिला अधिकारियों का रहना आवश्यक: सीईओ

अक्षर सम्राट, दमोह।



11 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में किसी भी जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति नही रहने के कारण कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। अपर कलेक्टर नाथूराम गौड़ ने समस्त जिला अधिकारियों से कहा है कि कलेक्टर कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को प्रात 11 बजे से अयोजित जन सुनवाई में स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा की दशा में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।ज्ञातव्य है कि प्रत्येक मंगलवार को प्रात 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के उपस्थित रहने के निर्देश पूर्व में जारी किय गये है।

सीईओ योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति से अवगत करायें.. कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने आदेशित किया है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव अपने कार्य के साथ.साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित विभाग स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति से अवगत करायेंगे।

# ग्राम हिनौता कला में सप्त दिवसीय कथा की शुरुआत, निकाली कलश यात्रा





अक्षर सम्राट दमोह/हटा।

ग्राम हिनौता कला में 14 अप्रैल से सात दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी भव्य कलश यात्रा ग्राम के सभी मंदिर एवं चौराहों से निकाली गई कलश यात्रा चंडी जी मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड नया बाजार पुराना बाजार हनुमान मंदिर तिवारी तिगड्डा ठाकुर मोहल्ला हरिजन मोहल्ला तलैया मोहल्ला से होकर कथा स्थल छत्रपति शिवाजी वेयरहाउस पर समाप्त हुई कलश यात्रा में बैंड बाजा एवंआगे पांच अश्व पर ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे ढपली दल डमरु दल नगाड़ा ढोल के साथ बग्गी पर राधा कृष्ण की झांकी शंकर जी की झांकी तीसरी बग्गी पर कथा व्यास पंडित श्री मनमोहन दास जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष निमोर्ही अखाड़ा एवं धन्वंतरी दास जी महाराज विराजमान थे सैकड़ों की संख्या में माता बहने बच्चियां पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश लेकर गीत गाते चल रही थी मुख्य यजमान देवेंद्र चौकरया सिर पर भागवत कथा लेकर चल रहे थे रामधुन मंडली एवं गायत्री शक्तिपीठ तेवरैया की टोली द्वारा मधुर धुन में भजन गायेजा रहे थे यात्रा का जगह-जगह स्वागत पुष्प वर्षा एवं पूजा अर्चन कर स्वागत किया गया कलश यात्रा में पूर्व सांसद एवं मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया क्षेत्रीय विधायक पीएल तंत्वाए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल लक्ष्मण तिवारी अशोक सिंह चंद्रभान पटेल गोपाल विक्रांत पटेल कुसमरिया प्रभु पटेल महेश्वर सिंह श्याम सुन्दर कुडेरिया दिनेश तिवारी द्वारका प्रसाद कस्तूर राममिलन कस्तूर हरिनारायण चौकरया चुरामन गुप्ता डॉक्टर जेएस राजपूत सैकड़ों की संख्या में ग्राम एवं क्षेत्र के लोग शामिल हुए।



# बीसीसीआई ने डब्ल्यूपीएल के अगले सीजन के लिए शुरू की तैयारी, मास्टर प्लान आया सामने

एजेंसी मुंबई

महिला प्रीमियर लीग (WPL) अगले संस्करण से 'होम-अवे' प्रारूप में बड़ी 'विंडो' के साथ संभवतः फरवरी में खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) में एक सूत्र ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। टूर्नामेंट का शुरुआती चरण मुंबई में दो स्थलों में चार से 26 मार्च तक खेला गया था। इस महीने के शुरु में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) चेयरमैन अरुण धूमल ने बताया था कि डब्ल्यूपीएल अगले तीन सत्र के लिए पांच टीमों का टूर्नामेंट रहेगा और यह 'होम एंड अवे' (घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान) प्रारूप में खेला जायेगा क्योंकि प्रशंसक बनाने के लिए यह अहम होता है।
बीसीसीआई के सूत्र ने हालांकि कहा कि लीग को टीयर-2 शहरों जैसे इंदौर में ले जाना मुश्किल होगा क्योंकि इनके नाम पर डब्ल्यूपीएल फ्रैंचाइजी नहीं है। सूत्र ने कहा कि चर्चा यह भी चल रही है कि डब्ल्यूपीएल को साल के अंत तक स्थगित कर दिया जाये ताकि इसे दिवाली के समय आयोजित किया जाये लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। वहीं भारत-पाकिस्तान के विश्व कप स्थल और एशिया कप स्थल पर चर्चा अब भी जारी है। बीसीसीआई एशिया कप 2023 में भागीदारी को लेकर और विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के भारत में मैचों पर सरकार के निर्देशों का इंतजार करेगा। सूत्र के अनुसार सभी सदस्य इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं और अंतिम फैसला इसके बाद ही लिया जायेगा। पहले रिपोर्ट आई थी कि पाकिस्तान के ज्यादातर विश्व कप मैच चेन्नई और कोलकाता में हो सकते हैं क्योंकि टीम अपने पिछले दौरों पर इन दो स्थलों पर सुरक्षित महसूस कर रही थी। बीसीसीआई को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मुख्य चयनकर्ता की नियुक्ति अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले कर ली जायेगी, जिसके जून में ओवल में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद होने की उम्मीद है। यह पद इस साल फरवरी में चेतन शर्मा के इस्तीफे के बाद से खाली पड़ा है। भारत साल के अंत में अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और इसके कार्यक्रम के जल्द ही आने की उम्मीद है। सूत्र ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड भारत के सक्रिय खिलाड़ियों को दुनिया भर में विभिन्न टी20 लीगों में हिस्सा नहीं लेने देने की नीति जारी रखेगा।

# हैरी ब्रूक के शतक की बदौलत हैदराबाद ने जीता मुकाबला, कोलकाता को 23 रनों से हराया

एजेंसी कोलकाता

ईडन गार्डन्स में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी हैरी ब्रूक ने दमदार पारी खेलते हुए आईपीएल में ना सिर्फ पहला शतक जड़ा बल्कि अपनी टीम को 23 रनों से दमदार जीत भी दिलवाई। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम को सनराइजर्स ने 23 रनों के बड़े अंतर से मात दी है। इसी के साथ कुल चार मुकाबले खेलने वाली हैदराबाद ने चार में से दो मुकाबले जीत लिए है। कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। कोलकाता नाइट राइडर्स पहले ही ओवर में झटका लग गया है। उन्होंने रहमनुल्लाह गुरबाज को पवेलियन लौटाया, जो खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद एन जगदीशन और वेंकटेश अय्यर ने क्रिज संभाली। हालांकि टीम को अधिक अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी। चौथे ओवर में ही कोलकाता का चौथा ओवर में ही कोलकाता ने अपना तीसरा विकेट गंवा दिया। सुनील नरेन भी पवेलियन लौटे। मार्को यानसेन ने दो गेंदों में वेंकटेश अय्यर और फिर सुनील नरेन को आउट किया। पांच ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 34 रन हो गए थे। क्रीज पर एन जगदीसन 10 गेंदों में दो चौकों की मदद से 14 रनों पर खेल रहे हैं. वहीं कप्तान नितीश राणा दो पर थे। इसके बाद कप्तान नितीश राणा अपने ही बल्ले से उमरान मलिक की जमकर धुनाई करते दिखे। उमरान मलिक के पहले ओवर में उन्होंने 28 रन बनाए। नितीश ने इस छठे ओर में चार चौके और दो छक्के जडे। हालांकी दोनों ने साझेदारी लंबी नहीं चल सकी क्योंकि नारायण जगदीशन का कैच ग्लेन फिलिप्स ने लपक कर उन्हें पवेलियन पहुंचाया। नायारण ने 21 गेंदों में 36 रन बनाए। इसके बाद आंद्रे रसेल मैदान पर उतरे मगर वो सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए, जिन्हें मयंक मार्कंडेय ने आउट किया। इसके साथ ही 96 गेंदों में आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा ने इसी के साथ अर्धशतक पूरा किया। 15वें ओवर की चौथी गेंद पर नीतिश का कैच छूटा, जब नीतिश 38 गेंदों में 68 रन बनाकर खेल रहे थे। नीतिश राणा को नटराजन ने वाशिंगटन सुंदर से कैच आउट करवाया जिन्होंने 75 रन 40 गेंदों में बनाए। इसी के साथ नीतिश की कप्तानी पारी का अंत हुआ। इसके बाद 20 गेंदों में 63 रनों की जरूरत थी, जब शार्दुल ठाकुर रिंकू के साथ क्रिज पर आए। दोनों ने पारी को संभाला, और ये मुकाबला भी अंतिम ओवर तक गया। अंतिम ओवर में जीत के लिए कोलकाता को 6 गेंदों में 32 रनों की जरूरत थी, जबकि क्रिज पर रिंकू और शार्दुल जमे हुए थे। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर विकेट गिरा और शार्दुल पवेलियन लौटे। मगर रिंकू भी टीम को जीत नहीं दिला सके।



इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में इस सत्र का पहला शतक जड़ा जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार विकेट पर 228 रन का विराट स्कोर खड़ा किया। ब्रूक ने पहले तीन ओवर में चार चौके और दो छक्के जड़कर आईपीएल में स्टाइल से आगमन किया जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने सत्र में सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की। सनराइजर्स हैदराबाद ने ब्रूक को 13.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, वह पहले तीन मैचों में केवल 29 रन ही बना सके थे, लेकिन उन्होंने आखिरकार लय हासिल कर 55 गेंद में 100 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 12 चौके और तीन छक्के जड़े थे। ब्रूक ने 45 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और 32 गेंद में 50 रन पर पहुंचे। लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने अपनी ही गेंद पर उनके कैच करने का आसान मौका गंवा दिया था। ब्रूक जब 61 रन पर थे, तब उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट के फैसले को बदलवाया। उन्होंने न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज के इसी ओवर में पांच चौके जड़े। ब्रूक ने अंतिम ओवर में उमेश यादव पर एक रन लेकर अपना सैकड़ा पूरा किया। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद केकेआर के क्षेत्ररक्षण ने उसे निराश किया क्योंकि केकेआर के कप्तान ऐडन मार्करम ने भी 26 गेंद में 50 रन की पारी खेली। ब्रूक और मार्करम ने मिलकर 47 गेंद में 72 रन जोड़े। मार्करम के आउट होने के बाद बायें हाथ के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (32 रन, 17 गेंद) ने ब्रूक का बखूबी साथ निभाया। इन दोनों ने 33 गेंद में 72 रन जोड़कर केकेआर की मुश्किल बढ़ायी। हेनरिक क्लासेन ने छह गेंद में नाबाद 16 रन की उपयोगी पारी खेली। सुनील नारायण (चार ओवर में 28 रन) और आंद्रे रसेल (2.1 ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट) को छोड़कर केकेआर का कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर सका। रसेल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अपना ओवर पूरा नहीं कर सके।

# मैकुलम के सट्टेबाजी से जुड़े विज्ञापनों की जांच कर रहा ईसीबी



एजेंसी नई दिल्ली

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों में दिखने से मुश्किल में पड़ गए हैं क्योंकि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) इस बात की जांच कर रहा है कि कहीं यह उसके भ्रष्टाचार रोधी नियमों का उल्लंघन तो नहीं है। न्यूजीलैंड का यह पूर्व कप्तान जनवरी में सट्टेबाजी संगठन '22बेट' का ब्रांड एम्बेसडर बना था और उसके बाद वह उसके ऑनलाइन विज्ञापनों में नजर आए। उन्होंने 27 मार्च को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें वह इंडियन प्रीमियर लीग में 22बेट का प्रचार कर रहे हैं। बीबीसी के अनुसार ईसीबी ने कहा, ''हम इस मामले की पड़ताल कर रहे हैं तथा ब्रेंडन के साथ 22बेट के साथ उनके संबंधों को लेकर चर्चा कर रहे हैं।सट्टेबाजी को लेकर हमारे नियम हैं और हम हमेशा यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका पूरी तरह से पालन किया जाए।'' ईसीबी ने हालांकि स्पष्ट किया कि मैकुलम फिलहाल किसी जांच के दायरे में नहीं हैं। न्यूजीलैंड के प्रॉब्लम गैंबलिंग फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह इन विज्ञापनों के बारे में ईसीबी से शिकायत की थी। मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 12 टेस्ट मैचों में से 10 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की है।

## व्यापार

# चिप के लिए चीन पर निर्भरता होगी खत्म, भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण में तेजी आई

एजेंसी नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के स्थानीय सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के बाद चीन का चिप आयात 2023 की पहली तिमाही में 23 प्रतिशत गिर गया है। मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ कस्टम्स के आंकड़ों के मुताबिक, चीन ने इस साल जनवरी से मार्च के बीच 108.2 अरब इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) का आयात किया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 22.9 फीसदी कम है। आंकड़ों के मुताबिक, चिप आयात का कुल मूल्य पिछले साल के 107.1 अरब डॉलर से 26.7 फीसदी घटकर 78.5 अरब डॉलर रह गया। सीमा शुल्क डेटा का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया, 2023 के पहले तीन महीनों में चीन का आईसी निर्यात साल-दर-साल 13.5 फीसदी गिरकर 60.9 अरब यूनिट हो गया, जबकि एक साल पहले इसमें 4.6 फीसदी की गिरावट आई थी। निर्यात का कुल मूल्य 17.6 फीसदी गिरा। यह महत्वपूर्ण गिरावट दर्शाती है कि कैसे भू-राजनीतिक तनाव और चीन पर बढ़ते अमेरिकी प्रतिबंधों ने देश और बाकी दुनिया के बीच सेमीकंडक्टर कारोबार को बाधित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में पिछले साल चिप्स और विज्ञान अधिनियम को लागू किया था, जो अमेरिका को देश में अधिक चिप निर्माण को आकर्षित करने के लिए सक्षम बनाता है। इस बीच, भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये (10 अरब डॉलर) को मंजूरी दी। भारत और अमेरिका ने पिछले महीने भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद के ढांचे के तहत अर्धचालक आपूर्ति श्रृंखला और नवाचार साझेदारी स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।



# एक मई से बदल रहा जीएसटी का नियम, इन बिजनस पर होगा लागू

एजेंसी नई दिल्ली

देश में अगले महीने यानी मई से जीएसटी के नियम में बदलाव होने जा रहा है। गुड्स एंड सर्विस टैक्स (GST) को लेकर बड़ा अपडेट आया है। नया नियम 1 मई, 2023 से लागू होगा। दरअसल जीएसटी नेटवर्क (GSTN) ट्रांजेक्शन को लेकर नियमों में बदलाव होने जा रहा है। GSTN ने कहा है कि 1 मई से किसी भी ट्रांजेक्शन की रसीद इनवॉयस रजिस्ट्रेशन पोर्टल (IRP) पर 7 दिनों के भीतर अपलोड करना जरूरी होगा। इसके बाद ट्रांजेक्शन की रसीद इनवॉयस रजिस्ट्रेशन पोर्टल (IRP) पर अपलोड नहीं की जा सकेगी। गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी में यह बदलाव उन कंपनियों के लिए है, जिनका टर्नओवर 100 करोड़ रुपये या इससे ज्यादा है। अभी ऐसे मामलों में कंपनियों को करंट डेट पर इलेक्ट्रॉनिक इनवॉयस को आईआरपी पर अपलोड करना होता है। इसका मतलब हुआ कि इनवॉयस कभी भी जेनरेट हुआ हो, उससे रिपोर्ट करने की तारीख पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।




जीएसटी नेटवर्क के मुताबिक, समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तय टर्नओवर के दायरे में आने वाले करदाताओं को रिपोर्टिंग की तारीख पर सात दिन से ज्यादा पुराने इनवॉयसेज रिपोर्ट करने की सुविधा नहीं मिलेगी। सभी पात्र करदाताओं को इस बदलाव का पालन करने के लिए पर्याप्त समय मिले, इसी कारण सरकार ने बदलाव को 1 मई से लागू करने का फैसला लिया है। जीएसटी नियम के मुताबिक, अगर कोई इनवॉयस IRP पर अपलोड नहीं होता है तो उस पर कारोबारी इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) का फायदा नहीं उठा पाएंगे। बता दें कि ITC किसी प्रोडक्ट के कच्चे माल और फाइनल प्रोडक्ट के बीच के अंतर को वापस पाने के लिए क्लेम किया जाता है। अभी कंपनियां कभी भी अपना ई-इनवॉयस अपलोड कर सकती हैं। इसके चलते कंपनियां कई बार ई-इनवॉयस अपलोड करने में देरी करती हैं। अब नया नियम लागू होने के बाद कंपनियों के पास सिर्फ सात दिन का वक्त होगा।



# रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार, 9 महीने में हुआ सबसे ज्यादा

एजेंसी नई दिल्ली

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ा उछाल आया है। पिछले दो हफ्ते से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखने को मिल रही थी। अब इसमें रेकॉर्ड तेजी आ गई है। 7 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 6.306 अरब डॉलर बढ़कर 584.755 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस वृद्धि के साथ पिछले दो सप्ताह से जारी गिरावट पर विराम लगा है। इससे पिछले सप्ताह, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.42 अरब डॉलर रहा था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, सात अप्रैल को समाप्त सप्ताह में, मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा, विदेशीमुद्रा आस्तियां 4.74 अरब डॉलर बढ़कर 514.431 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 1.496 अरब डॉलर बढ़कर 46.696 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (SDR) 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.45 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.178 अरब डॉलर रहा।

# मंगल पर मिले प्राचीन जीवन के निशान! नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने लाल ग्रह से पृथ्वी पर भेजा 'सबूत'

एजेंसी वॉशिंगटन





नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल पर पत्थरों के अजीब संरचना की तस्वीरें खींची हैं। इन तस्वीरों में मंगल के पत्थरों की अंदरूनी बनावट को दिखाया गया है। ये बनावट पूर्व ऐतिहासिक काल के जानवरों के कंकाल अवशेषों की तरह दिखते हैं। क्यूरियोसिटी रोवर की इन तस्वीरों में चट्टान जैसी संरचना से बाहर निकली हुई स्पाइक्स का एक गुच्छा भी दिखाई दे रहा है। ये तस्वीरें मंगल ग्रह पर 154 किलोमीटर लंबे गेल क्रेटर के सतह पर ली गई थीं। इन तस्वीरों को कैद करने के लिए क्यूरियोसिटी रोवर ने मास्ट कैमरा और केमकैम का उपयोग किया था। अब इन तस्वीरों ने मंगल पर प्राचीन जीवन की उपस्थिति को लेकर एक बहस छेड़ दी है। नासा के मार्स साइंस लेबोरेटरी (MSL) मिशन के हिस्से के रूप में क्यूरियोसिटी रोवर अगस्त 2012 से गेल क्रेटर में घूम रहा है। इन तस्वीरों को देखने वाले कुछ लोगों का मानना है कि यह एक मछली का अवशेष है। जबकि, कई अन्य का मानना है कि यह एक देवदार के पेड़ की शाखा जैसा दिखता है। हालांकि, एक बात सुनिश्चित है, जो सभी लोग मान रहे हैं कि ये तस्वीरें अविश्वसनीय हैं। गेल क्रेटर के कुछ पत्थरों में हड्डी जैसी संरचना भी पाई गई है। गेल क्रेटर की खोज से इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि मंगल ग्रह पर कभी पानी के बड़े-बड़े तालाब थे। यह भी संभावना है कि इसकी सतह के नीचे आज भी कुछ पानी छिपा हो सकता है। गेल क्रेटर मंगल ग्रह पर मौजूद सबसे बड़ी झीलों में से एक है। इसकी उत्पत्ति 3.5 से लेकर 3.8 अरब साल पहले की बताई जा रही है। गेल क्रेटर जो कभी झील हुआ करती थी, वो अब 154 किलोमीटर चौड़ा एक गड्ढा है।

क्यूरियोसिटी रोवर के मिशन के उद्देश्यों में मंगल ग्रह के पर्यावरण और भूविज्ञान का अध्ययन करने के साथ-साथ जीवन की उपस्थिति के सबूत खोजना भी है। यह रोवर लगातार मंगल की सतह से अजीबोगरीब चीजों की तस्वीरें भेज रहा है। खगोल विज्ञानी नथाली ए. कैबरोल ने ट्विटर पर इसका एक स्नैपशॉट पोस्ट करते हुए कहा कि मंगल ग्रह का अध्ययन करने के 20 वर्षों में यह अब तक की सबसे विचित्र चट्टान है।" बहुत से लोग ऐसे हैं, जिन्हें यह विश्वास है कि मंगल पर कभी जीवन हुआ करता था, हालांकि वर्तमान में उनके चुनिंदा सबूत ही मौजूद हैं। यह पहली बार नहीं है जब क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल की सतह से अजीबोगरीब तस्वीर को पृथ्वी पर भेजा है। पिछले साल जून में रोवर ने मंगल की सतह से बाहर निकलने वाली कई विचित्र घुमावदार संरचनाओं की खोज की थी। इन्हें अब प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले स्तंभ माना जाता है जिन्हें हूडू कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार ये स्तंभ करोड़ों साल से मंगल की सतह पर मौजूद हैं। ये नरम चट्टानों से मिलकर बनी हैं, जो समय के साथ खंबे की तरह दिखने लगी हैं। रोवर ने फरवरी 2022 में गेल क्रेटर में एक कोरल-जैसे 'फूल' का एक स्नैपशॉट प्राप्त किया, लेकिन वास्तव में यह जमा हुआ खनिज था।

# रूस-यूक्रेन की जंग में किसी को हथियार नहीं देगा चीन, 'दोस्त' जिनपिंग ने पुतिन को ही दे दिया झटका



एजेंसी बीजिंग

चीन के विदेश मंत्री किन गांग ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष में शामिल किसी भी पक्ष को हथियार नहीं बेचेगा। साथ ही असैन्य और सैन्य उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात को नियंत्रित करेगा। अमेरिका और अन्य देशों ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि चीन रूस को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर विचार कर रहा है। गांग ने इन्हीं चिंताओं के मद्देनजर यह बात की। चीन औपचारिक रूप से कहता रहा है कि वह यूक्रेन संघर्ष को लेकर तटस्थ है, लेकिन उसने राजनीतिक रूप से रूस का समर्थन किया है। गांग ने संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए बातचीत को संभव बनाने में मदद करने की इच्छा दोहराई और कहा कि सभी पक्षों को 'वस्तुनिष्ठ और शांत' रहना चाहिए। चीन आई जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांग ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के लिए ताइवान सरकार को जिम्मेदार बताया। बीजिंग ताइवान पर अपना दावा करता है और उसने इस द्वीप को डराने की कोशिश के तहत वृहद स्तर पर सैन्य अभ्यास किए हैं। गांग ने कहा, 'सैन्य सामग्रियों के निर्यात के मामले में चीन विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाता है।' उन्होंने कहा, 'चीन संघर्ष के संबंधित पक्षों को हथियार प्रदान नहीं करेगा और कानूनों एवं नियमों के अनुसार दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात का प्रबंधन और नियंत्रण करेगा।' इस बीच, बेयरबॉक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य के रूप में चीन की संघर्ष समाप्त करने में मदद करने की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव का भी उल्लेख किया और कहा कि इस क्षेत्र में संघर्ष एक वैश्विक आपदा बन जाएगा। चीनी विदेश मंत्री ने बेयरबॉक की इन चिंताओं को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि ताइवान 'चीन का आंतरिक मामला है।' उन्होंने कहा, 'ताइवान की स्वतंत्रता और शांति साथ-साथ नहीं हो सकती।' मौजूदा समय में ताइवान को लेकर चीन और पश्चिम के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है।

यमन में 9 साल बाद आ रहा अमन...

# कैदियों की अदला-बदली कर रहे सऊदी गठबंधन-हूती विद्रोही, रिहा होंगे 900 बंदी

एजेंसी सना



यमन में लंबे समय से चल रहे युद्ध से जुड़े करीब 900 कैदियों की शुक्रवार से अदला-बदली शुरू हुई है। इंटरनेशनल कमिटी फॉर द रेड क्रॉस ने इसकी जानकारी दी है। संघर्ष को खत्म करने के लिए लंबे समय से बातचीत और ठोस राजनयिक प्रयासों के बीच संयुक्त राष्ट्र ने यह सौदा कराया है। अक्टूबर 2020 के बाद से यमन में यह कैदियों की सबसे महत्वपूर्ण अदला-बदली है, जब सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन और उनके हूती विद्रोहियों की ओर से 1000 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया था। माना जाता है कि संघर्ष शुरू होने के बाद से सभी पक्षों की ओर से हजारों लोगों को युद्ध बंदी बनाया गया है। हूतियों के कब्जे वाली राजधानी सना में दर्जनों पूर्व कैदियों के विमान से नीचे उतरने पर एक मार्चिंग बैंड और पारंपरिक यमनी डांसर्स ने उनका स्वागत किया। पूर्व कैदियों को उनके परिवार के सदस्यों ने चूमकर गले लगा लिया। उनके स्वागत में हूती राजनीतिक नेता भी मौजूद रहे। एक घायल व्यक्ति को चिकित्साकर्मियों ने सहारा दिया। यह उड़ान अदन शहर से आई थी जिस पर सऊदी अरब के साथ गठबंधन में शामिल देश की सरकार का नियंत्रण है। तीन दिनों की अदला-बदली में उड़ानें कैदियों को सऊदी अरब और यमन के भीतर सरकार नियंत्रित शहरों से सना तक लेकर जाएंगी। यमन की सरकार के मानवाधिकारों के उप मंत्री माजिद फदाइल ने इस बारे में बताया। रेड क्रॉस ने कहा कि कैदियों को ट्रांसपोर्ट करने के लिए अदन और सना के बीच शुक्रवार को एक साथ दो उड़ानें मौजूद होंगी। यमन का संघर्ष 2014 में शुरू हुआ था जब हूतियों ने सना और देश के ज्यादातर उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार दक्षिणी कोने में सिमट गई थी और फिर सऊदी अरब में निर्वासन में चली गई। हूती कब्जे के कुछ महीनों बाद सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने यमन संघर्ष में हस्तक्षेप किया। हाल के वर्षों में यमन संघर्ष सऊदी अरब और ईरान के बीच तनाव का प्रमुख कारण रहा है।

# रूस की नौसेना ने प्रशांत बेड़े को 'हाई अलर्ट' पर रखा, मिसाइल परीक्षण की तैयारी में पुतिन

एजेंसी मॉस्को



समूचे रूसी प्रशांत बेड़े को आकस्मिक अभ्यास के लिए शुक्रवार को हाई अलर्ट पर रखा गया है जिसमें यूक्रेन में लड़ाई को लेकर पश्चिम के साथ तनाव के बीच बड़े पैमाने पर अभ्यास मिसाइल प्रक्षेपण शामिल होंगे। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि युद्धाभ्यास का लक्ष्य आक्रामकता का जवाब देने के लिए रूस के सशस्त्र बलों की क्षमता का परीक्षण करना है। शोइगु ने कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण के साथ, अभ्यास में प्रशांत बेड़े की हवाई शाखा के अलावा परमाणु सक्षम रणनीतिक बमवर्षक और अन्य युद्धक विमान भी शामिल होंगे। रूसी सेना ने यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति में अपनी सेना के बड़े हिस्से को तैनात किया है, लेकिन अपनी सेना को प्रशिक्षित करने और उनकी तत्परता प्रदर्शित करने के लिए उसने पूरे देश में नियमित अभ्यास भी जारी रखा है। शोइगु ने कहा कि शुक्रवार के युद्धाभ्यास के परिदृश्य में सखालिन द्वीप और दक्षिणी कुरील द्वीप समूह पर दुश्मन के उतरने के प्रयास पर प्रतिक्रिया की परिकल्पना की गई है। इस बीच फिनिश संसद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्तो ने नाटो के एक नए सदस्य के रूप में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक राजनीति में फिनलैंड की भूमिका को बेहतर ढंग से समझने का आह्वान किया। बाल्टिक सागर क्षेत्र की सुरक्षा की रक्षा के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने गुरुवार को कहा कि 'शक्ति संघर्ष को बढ़ाना या दुनिया के विभाजन को गहरा करना फिनलैंड के हित में नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'हमारी कूटनीति की न केवल यूरोप में बल्कि अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में भी जरूरत है। हमें उनसे भी बात करनी चाहिए और शायद विशेष रूप से उन लोगों के साथ, जो दुनिया को हमसे अलग देखते हैं।' देश की नाटो सदस्यता के संभावित नतीजों के रूप में निनिस्तो ने कहा कि वह फिनलैंड में परमाणु हथियारों के तैनात किए जाने से सहमत नहीं हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि उन्होंने नाटो परमाणु योजना और प्रशिक्षण में फिनलैंड की भागीदारी का विरोध नहीं किया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि परमाणु हथियार फिनलैंड में आने वाले हैं।



# भारत का राफेल पहली बार विदेशी धरती पर ताकत दिखाने को तैयार, चीन-पाक की गुम होगी पॉवर

एजेंसी पेरिस

भारत का राफेल लड़ाकू विमान पहली बार किसी विदेशी जमीन पर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। पिछले साल जुलाई में ही भारत को 36 राफेल विमानों की आपूर्ति पूरी हुई थी। जिसके बाद भारतीय वायु सेना ने राफेल के दो स्क्वाड्रन को अंबाला एयरफोर्स बेस और हाशिमआरा एयरफोर्स बेस पर तैनात किया गया था। अब इनमें से चार राफेल विमान मोंट-डी-मार्सन मिलिट्री बेस पर आयोजित होने वाले बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास ओरियन (Orion Exercise) में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस रवाना होंगे। भारतीय वायु सेना राफेल लड़ाकू विमानों के साथ दो सी-17 ग्लोबमास्टर-III हैवी-लिफ्ट एयरक्राफ्ट, दो इल्यूशिन आईएल-78 रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट और 165 वायु योद्धाओं की एक टुकड़ी भेज रही है। फ्रांसीसी वायु सेना के अनुसार, ओरियन नाम का यह युद्धाभ्यास 17 से 5 मई के बीच मोंट-डी-मार्सन मिलिट्री बेस पर आयोजित किया जाएगा। इसमें भारत और फ्रांस की वायु सेनाओं के अलावा जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन और अमेरिका के भी लड़ाकू विमान और वायु सैनिक हिस्सा लेंगे। एक्सरसाइज ओरियन हाल के दिनों में फ्रांस द्वारा आयोजित सबसे बड़ा अभ्यास है जिसमें उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के लगभग 12,000 सैनिक शामिल होंगे। इस युद्धाभ्यास को चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है। फ्रांस में भारत का राफेल लड़ाकू विमान पहली बार किसी विदेशी देश में आयोजित युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा। भारत में कई कॉम्बेट एक्सरसाइज के दौरान राफेल का इस्तेमाल किया जा चुका है। ऐसे में विदेशी जमीन पर राफेल का यह पहला लड़ाकू अनुभव होगा। फ्रांस से भारत डिलीवरी के लिए आते समय भारत के राफेल संयुक्त अरब अमीरात में लैंड कर चुके हैं। हालांकि, यह सिर्फ मेंटीनेंस और रिफ्यूलिंग के लिए एक सामान्य हॉल्ट बस था। भारत ने फ्रांस से 59 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल विमानों को खरीदने का सौदा किया था। मोदी सरकार ने अप्रैल 2015 में घोषणा की थी कि 36 राफेल फाइटर जेट्स को ऑफ द शेल्फ खरीदा जाएगा। राफेल मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट है, जो जरूरत के हिसाब से कई तरह के मिशन को अंजाम दे सकता है। इसका निर्माण फ्रांसीसी कंपनी डसाल्ट एविएशन ने किया था। वर्तमान में राफेल लड़ाकू विमान फ्रांस के अलावा भारत और कतर की वायु सेना में शामिल हैं। फ्रांसीसी नौसेना राफेल के नेवल वर्जन का भी इस्तेमाल करती है।

# आंदोलनरत रोजगार सहायकों ने सरकार के सामने रखी मांगें

प्रमोद सिंह सेंगर



**रीवा(अक्षर सम्राट)।** ग्राम रोजगार सहायक ब्लॉक इकाई त्योंथर के अध्यक्ष नारायण प्रसाद मिश्रा द्वारा बताया गया कि आज ग्राम रोजगार सहायक विगत एक माह से हड़ताल पर है लेकिन सरकार के द्वारा आज दिनांक तक हमारी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया जिस वजह से जीआरएस को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है आज दिनांक 13.04.2023 को जनपद पंचायत त्यौंथर के समस्त जीआरएस के द्वारा समस्त विभागो में जा के भीख मांग कर विरोध दर्ज करवाया और अपनी जायज मांगों को शासन प्रशासन तक पहुंचाने हेतु प्रयास किया।

**जीआरएस कि प्रमुख मांगे निम्न वत है**

1. जिला संवर्ग सहायक सचिव में संविलियन कर नियमितीकरण अथवा वेतन पंचायत सचिव के समकक्ष होने से 90% सहायक सचिव पर भी लागू कराया जावे जो कम से कम रुपये 30000 प्रति माह हो।

2. ग्राम रोजगार सहायक को स्थानांतरण नीति लागू कराया जाए।

3. आदेश दिनांक 6 साथ 2013 के बिंदु क्रमांक छह के अनुसार निलंबन किया जाए एवं निलंबन अवधि में गुजारे भत्ते की पात्रता हो।

4. ग्राम रोजगार सहायक आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता राशि रुपये 500000 एवं अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान हो।

5. पी एफ का प्रावधान हो पूर्व की भांति उदाहरण दतिया में काटा जाता था। आज के कार्यक्रम में जिन जी आर एस की मुख्य रूप से भूमिका रही जिसमें अंकिता शुक्ला , किरण मिश्रा , अनूपा मिश्रा,उर्मिला वर्मा,पूजा , सुशीला गौतम आकाश त्रिपाठी ,रवि विश्वकर्मा,वेद प्रकाश मिश्रा दलगंजन सिंह, आशुतोष सिंह ,निलेश पांडे ,राजेंद्र मांझी ,प्रभात तिवारी ,विभाकांत तिवारी, राधारमण पांडे, अतुल द्विवेदी, चंदन सिंह ,भूपेंद्र तिवारी, नित्यानंद मिश्रा ,पंकज विश्वकर्मा, कमलकांत तिवारी ,शेषबहादुर सिंह ,आशीष मिश्रा ,जितेंद्र वर्मा, सुजीत सिंह चौहान ,सुधाकर सिंह, बागीश भूषण द्विवेदी ,पंकज पाल, अजय सिंह अनुराग तिवारी ,प्रवीण मिश्रा,अजय वर्मा ,सुनील कुमार सिंह ,पुष्पराज पटेल, बृजेश तिवारी, कृपाशंकर तिवारी ,कश्यप तिवारी , रवि कुशवाहा , आदेश सिंह ,राकेश शुक्ला ,सुशील सोनी,राजेश यादव, सुशील सिंह,मनोज , सूरज सिंह परिहार,अंकित सिंह,अनुपम दुवे आदि भारी जन में सभी उपस्थित रहे।

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 132 वी जयंती के अवसर पर गुढ़ में हुआ भव्य कार्यक्रम

## नगर में निकाली गई गाजे बाजे के साथ भव्य रैली। गुढ़ भीम आर्मी के कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग रहे मौजूद

अक्षर सम्राट, गुढ़।



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती के अवसर पर नगर परिषद गुढ़ वार्ड क्र.7 और 9 के अनुयायियों द्वारा आज 14 अप्रैल 23 को जयंती के अवसर पर नगर के प्रमुख मार्गों से जय कारे व गाजे बाजे के साथ रंग अबीर के साथ भाव्य रैली निकाली गई जो आज दोपहर 3 बजे से प्रारम्भ होकर मेन मार्केट, थाना के सामने से बस स्टैंड पहुँचते हुए कष्टहर नाथ गेट पुराने बैरियर पर समाप्त हुई।

इस आवसर पर धर्मेंद्र बंसल, उमेस साकेत, धीरेंद्र अर्खेल, विक्रम बंसल, नीरज साकेत, नरेंद्र साकेत, अमर बंसल, सोनू बंसल, मलिंगा बौद्ध, दीपक बंसल, मोनू बंसल, प्रदीप बंसल, बीरु बंसल, मनीष बंसल, अमन रावत सहित कई लोग शमलित रहे।

वही वार्ड क्रमांक.7 से सेवानिवृत्त शिक्षक छबीले प्रसाद, लालमणि साकेत, बुद्धसेन साकेत, मोतीलाल साकेत, डॉ.आर.बी. प्रजापति, प्रदीप साकेत, नितेश साकेत, उमेश साकेत, रोहणी साकेत, जग्गू पेंटर, पूरनलाल साकेत, रामलाल साकेत, उमाशंकर साकेत, रामचन्द्र साकेत, मनोज साकेत, संन्तोष साकेत सहित नगर के सैकड़ों लोग एवं सुरक्षा ब्यवस्था हेतु गुढ़ पुलिस उक्त भाब्य रैली में सामिल रहे।

# अम्बेडकर जंयती के अवसर पर आजीवन कारावास के 15 बंदी हुए रिहा



अक्षर सम्राट, रीवा।

डॉ. भीम राव अम्बेडकर जंयती के अवसर पर आजीवन कारावास के 15 बंदी सजा में छूट का लाभ पाकर रिहा किये गये । रिहा बंदियों में से जिला रीवा का एक बंदी, अनूपपुर के दो बंदी, शहडोल के चार बंदी, सीधी एवं सिंगरौली के तीन-तीन बंदी, सतना का एक बंदी तथा सोनभद्र (उ.प्र.) के एक बंदी को रिहा किया गया । जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जेल से रिहा होते समय बंदियों में खुशी का माहौल रहा है। जेल में परिरूद्ध रहने के दौरान बंदियों को स्वरोजागारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जेल अधीक्षक द्वारा सभी बंदियों को जेल रिहा होने के पश्चात समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण कर कानून का पालन करने का संदेश दिया गया है। इस दौरान संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, उप जेल अधीक्षक राघवेश अग्निहोत्री श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक, श्याम सुंदर दुबे वरिष्ठ प्रहरी, आकांक्षा तिवारी प्रहरी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब ने देश और समाज को नई दिशा प्रदान की: जनपद अध्यक्ष ममता कुंजबिहारी तिवारी

## ग्राम पंचायत अकौरी में मनाई गई बाबा साहब की 132वीं जन्म जयंती

अक्षर सम्राट, नईगढ़ी।





नईगढ़ी जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंजबिहारी तिवारी ने ग्राम पंचायत अकौरी में अंबेडकर जयंती के अवसर पर कहा कि संविधान के निमार्ता भारत रत्न विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं कानून विद सिंबल ऑफ नॉलेज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में असंख्य शोषित और पीड़ितों को जीवन जीने की एक नई दिशा प्रदान की है जिस तरह उन्होंने बचपन से लेकर अपना पूरा जीवन संघर्ष में समर्पित रखा निश्चित रूप से वह समाज के लिए अविस्मरणीय है आज 132 वी जन्म जयंती के अवसर पर हम सभी समाज के लोग उन्हें कृतज्ञता पूर्वक नमन करते हैं एवं हम सभी को चाहिए कि समाज के लिए उनके द्वारा बनाए गए संविधान की मयार्दाओं का अनुपालन करते हुए अपने देश और समाज के विकास के लिए उनके बताए गए प्रगति पथ पर चलते हुए आगे बढ़े एवं समाज को विकसित बनाएं जनपद अध्यक्ष ममता कुंजबिहारी तिवारी ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन शोषित व दलितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है और निश्चित रूप से आज समाज में इस वर्ग को जो भी सम्मान प्राप्त हो रहा है वह केवल बाबा साहब की ही देन है इतना ही नहीं सभी वर्ग एवं समाज के लोगों के लिए बाबा साहब ने संविधान के निर्माण के दौरान विशेष व्यवस्थाओं का ध्यान रखा है ऐसी विभूति के 132 वीं जन्म जयंती में संपूर्ण राष्ट्र जहां एक और कृतज्ञता पूर्वक उन्हें याद करते हुए विनम्र पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित करता है वही हम भी अपने जनपद पंचायत नईगढ़ी के समस्त जनमानस की ओर से भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को शत शत नमन करते हैं एवं समाज के सभी लोगों से यही अपेक्षा करते हैं कि आने वाले समय में आप सभी उनके बताए गए मार्ग पर चलकर के देश और समाज को समृद्धि की ओर आगे ले जाएंगे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जन्म जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत नईगढ़ी के जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंजबिहारी तिवारी ने कहा कि वह संपूर्ण जनपद पंचायत के प्रत्येक गांव एवं गांव के प्रत्येक हिस्से के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं और वे आम जनमानस की भलाई के लिए हर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं उनका मकसद केवल यह है कि जनता को उनका अधिकार मिले एवं सरकार की योजनाओं का लाभ सही रूप से सही तरीके से हमारी ग्रामीण जनता को मिले तभी हम बाबा साहब के सपनों को साकार कर पाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत अकौरी के सरपंच सचिव सहित सभी पंच व पदाधिकारी गण एवं ग्रामीण जनमानस उपस्थित रहे।

## नगर निगम रीवा की पहल

# विज्ञापन और स्वच्छता के लिए साझा किया प्लेटफॉर्म

## 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने की तैयारी में जुटा नगर निगम



अक्षर सम्राट, रीवा।

रीवा नगर निगम इस बार स्वच्छता को निखारने और रीवा को स्वच्छता में अव्वल लाने पूरी ताकत झोंक दी है नवागत रीवा कलेक्टर के साथ नगर निगम निगमायुक्त स्वच्छता के मापदंड को हर गतिविधियों से डोर टू डोर साझा कर नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग ले रही है। स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन हासिल करने के लिए निगम प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। केन्द्र सरकार के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का नई गाइडलाइन जारी होते ही निगम ने सर्वेक्षण की तैयारी शुरू कर दी है।जिसके लिए नगर निगम रीवा की पहल विज्ञापन और स्वच्छता के लिए साझा प्लेटफॉर्म के तहत शहर के शिल्पी प्लाजा दुकान के सामने डस्टबीन लगाया गया है।

# रीवा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## गोविंदगढ़ थाना प्रभारी एवं स्टाफ ने धोखाधड़ी करने वाले बड़े गिरोह का किया पर्दाफाश: 10 मोबाइलों सहित लाखों की सामग्री जप्त

अक्षर सम्राट, गोविंदगढ़/रीवा।



पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनकर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय वीपी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोविंदगढ़ शिवा अग्रवाल के द्वारा स्टाफ के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गैंग को किया है गिरफ्तार विस्तृत वर्णन इस प्रकार से है कि दिनांक06/04/23को फरियादीया संगीता ने अन्य 10 महिलाओं के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखाई थी की दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंच कर बताएं कि शासन द्वारा हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं सभी लोग अपना अपना आधार कार्ड नंबर नोट करा कर अंगूठा लगाने वाली मशीन में अंगूठा लगा दें सभी महिलाओं ने अपना आधार कार्ड देकर मशीनों में अंगूठा लगा दिया और वह आरोपी मौके से फरार हो गए बाद में महिलाओं को पता चला कि हेल्थ कार्ड बनाने के नाम पर उनके साथ ठगी की गई है ऐसा ही एक मामला दिनांक 12/04/23को आया जिसमें फरियादया गुंजी के साथ भी उसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया पूरे क्षेत्र में जनता को जागरूक करने के साथ-साथ थाना गोविंदगढ़ की पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने की मुहिम शुरू की और दिनांक 13/04/23 को को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनका मुख्य सरगना आरोपी विकास कोरी मनगवां में बैठकर एक गिरोह संचालित कर रहा था जो नए नए लड़कों को अपनी बातों में उलझा कर अपराध करने के लिए रजामंद करके लड़कों को अंगूठा लगाकर पैसा निकालने वाली मशीन एक मोबाइल एक आईडी पासवर्ड उपलब्ध कराता था जिसके द्वारा लड़कों द्वारा क्षेत्रों में जाकर देहात में महिलाओं के साथ हेल्थ कार्ड बनाने के नाम पर ठगी की जाती थी इस प्रकार थाना गोविंदगढ़ पुलिस द्वारा 420 के दो मामले दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं नए लोगों को इनका शिकार होने से बचाया !

**जप्त सामग्री**- 10 मोबाइल कीमती रुपये 200000 एक मोटरसाइकिल कीमती रुपये 100000 5 थंब इंप्रेशन मशीन जिनकी कीमत रुपये 20000 साथ ही आरोपियों के बैंक खातों को भी होल्ड रखा गया है जिनमें लाखों रुपए होना बताया जा रहा है कई बड़े नाम आ सकते हैं सामने

**सराहनीय भूमिका**-थाना प्रभारी गोविंदगढ़ शिवा अग्रवाल उप निरीक्षक महेंद्र पांडे सहायक उपनिरीक्षक गुलाब सिंह सहायक उपनिरीक्षक सुनील पांडे प्रधान आरक्षक किमला प्रजापति आरक्षक उपेंद्र सिंह बघेल आरक्षक प्रिंस सिंह बघेल आरक्षक दिवाकर तिवारी आरक्षक देवराज गौतम महिला आरक्षक शिवानी सिंह गीतांजलि झरिया एवं अन्य स्टाफ।

# बाबा साहब की जयंती पर बीजेपी को जड़ से खत्म करने आंदोलनकारियों ने खाई कसम

अक्षर सम्राट, रीवा।



बंसल समाज के सुअर पशुपालकों को मृत सुअरों का मुआवजा दिलाए जाने के साथ-साथ पशु चिकित्सा विभाग के खिलाफ कार्यवाही किए जाने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में 191वें दिन बंसल समाज का कलेक्ट्रेट रीवा के समक्ष महापड़ाव जारी रहा मोर्चे के संयोजक शिव सिंह ने बताया कि महापड़ाव स्थल पर संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई।

साथ ही उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया आंदोलनकारियों ने कहा कि आज देश एवं प्रदेश की हुकूमत में बैठी सरकार तानाशाह हो चुकी है लगातार बाबा साहब के बनाए हुए संविधान पर हमला कर रही है संविधान को खत्म करने प्रयासरत है आज बाबा साहब के लोग रोटी रोजगार मुआवजे को लेकर 6 माह से अधिक समय से आंदोलन पर हैं सरकार बेपरवाह लूली बहरी लंगड़ी हो चुकी है जिसके विरोध में मुखर होकर आंदोलनकारियों ने यह संकल्प लिया कि उनका प्रत्येक दिन भाजपा एवं उसकी सत्ता सरकार के खिलाफ होगा बंसल समाज उनके किसी भी रैलियों सभाओं कार्यक्रमों में शामिल नहीं होगा साथ ही अन्य समाज को भी रोकने का प्रयास करेगा तथा भाजपा के नेताओं को बस्तियों में प्रवेश नहीं करने देगा प्रत्येक चुनावो में तन मन धन से विरोध करेंगे हमेशा व चुनाव के समय बीजेपी के द्वारा यदि पैसा कपड़ा दारु मुर्गा कंबल व अन्य सामग्री बांटकर बंसल समाज को लुभाने का प्रयास किया जाएगा तो उसका जमकर विरोध किया जाएगा तथा यह भी शपथ ली गई कि अपने इष्ट देव पूर्वजों माता पिता समाज की कसम खाकर कहते हैं कि गरीब मजदूर किसान बंसल समाज विरोधी भारतीय जनता पार्टी को सत्ता सरकार से हटाने तक चैन से नहीं बैठेंगे ऐसा विरोध प्रत्येक बस्तियों के साथ-साथ जिले सहित प्रदेश भर में जारी रहेगा दौरान कार्यक्रम मोर्चा के नेता रामजीत सिंह मास्टर बुद्धसेन पटेल जिपंस लालमणि त्रिपाठी इंद्रजीत सिंह शंखू शोभनाथ कुशवाहा विश्वनाथ चोटीवाला संतकुमार पटेल रामनरेश सिंह तेजभान सिंह प्रदीप बंसल सकोचिल प्रसाद बंसल राजाराम बाबूलाल मलखान सरजू रमेश दिनेश सुरेंद्र किशोरीलाल गीता आशा ललिता संगीता लक्ष्मी सुखरनिया कल्लूबाई नब्बूलाल बंसल आदि सहित सैकड़ों जन उपस्थित रहे कार्यक्रम में लंगर का आयोजन भी किया गया।

# विभिन्न संगठनों के नेताओं ने अपने-अपने ढंग से डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

सम्पति दास गुप्ता



**हनुमना(अक्षर सम्राट)।** संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के नेताओं ने अपने-अपने ढंग से उनकी जयंती मना कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सभी ने कही बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही यह राष्ट्र सर्वांगीण विकास कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि आज जहां हनुमाना तहसील के मर्यादपुर स्थित सिया राम कुटीर में वरिष्ठ समाजसेवी तथा भाजपा नेता मृगेंद्र सिंह ने कुटीर से निकलते ही सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर उपस्थित समर्थकों समेत श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने कर्तव्य पथ पर चलने का जहां संकल्प लिया वही ग्राम ठुर्रिहा मैं भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित जागरूकता रैली में भाग लेते हुए उपस्थित क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अभावों में जीवन जीना सिखाने के साथ ही भारतीय संविधान विशेषज्ञ तथा सनातन संस्कृत के पोशाक एवं बौद्ध दर्शन के समर्थक थे वे महिलाओं एवं किसानों के अधिकारों के प्रति सदा हीसंवेदनशील रहे।

दूसरी तरफ वास्तविक भारत पार्टी द्वारा मऊगंज विधानसभा स्तरीय भीमराव अंबेडकर जयंती आयोजित कर शोषण मुक्त क्षमता युक्त समाज की कल्पना के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि भीमराव के सिद्धांतों को हमने अपनी पार्टी के सिद्धांतों में सम्मिलित किया है इस अवसर पर समूचे विधानसभा से आए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डॉक्टर सुनील तिवारी ने कहा कि हम सभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर वरद मूर्ति मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन जो कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर आधारित है क्षमता युक्त शोषण मुक्त समाज की स्थापना का संकल्प लेकर समूचे प्रदेश स्वदेश में अलख जगा रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलकर यह राष्ट्र पुणे अपने परम वैभव को प्राप्त करेगा इस अवसर पर पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं क्रमशः श्रीकांत ,रामू कुमार एवं इमरान खान आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।



# लोकायुक्त ने 5000 की रिश्वत लेते एएसआई को दबोचा

अक्षर सम्राट, रीवा।





लोकायुक्त की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बावजूद सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी का बोलवाला है। कार्रवाईयों के बावजूद कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी रिश्वत लेने से नहीं चूकते। ऐसा ही एक ताजा मामला प्रकाश में आया है जहां लोकायुक्त की टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। यह कार्रवाई लोकायुक्त द्वारा मध्यप्रदेश के रीवा जिला अंतर्गत मऊगंज में की गई। जहां पर रिश्वतखोर एएसआई को लोकायुक्त द्वारा रंगे हाथ दबोचा गया

रीवा जिले के मऊगंज में लोकायुक्त द्वारा बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। बताया गया है कि मऊगंज थाने में पदस्थ एएसआई राजकुमार पाठक को लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ ट्रैप किया है। वह पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचे गए। लोकायुक्त का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट का मामला था। इसी मामले के संबंध में पीड़ित से मऊगंज थाना के एएसआई राजकुमार पाठक द्वारा रुपए की मांग की जा रही थी। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा लोकायुक्त में की गई। फरियादी की शिकायत पर लोकायुक्त द्वारा मामले की तस्दीक की गई। जिसके बाद लोकायुक्त टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया

लोकायुक्त द्वारा मऊगंज थाने के एएसआई राजकुमार पाठक को रिश्वत की राशि 5000 रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। यहां पर बता दें कि थानों में लगातार रिश्वतखोरी के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। लोकायुक्त की लगातार कार्रवाईयों के बावजूद यह चलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके पूर्व भी वर्दी के दागदार होने का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें लोकायुक्त द्वारा रीवा समान थाना के टीआई सुनील गुप्ता व एसआई रानू वर्मा पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया था। वहीं इसके पूर्व यातायात थाना सूबेदार दिलीप तिवारी को भी रिश्वत की रकम लेते हुए लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा था। लगातार लोकायुक्त की कार्वाईयों के बावजूद थानों में वर्दी के दागदार होने का चलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनता के रक्षकों द्वारा ही रिश्वतखोरी के कार्य को अंजाम दिया जाने लगा है ।

**अक्षर सम्राट** के लिए मालिक/मुद्रक/प्रकाशक एवं संपादक ***धर्मेन्द्र वर्मा*** द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस, 11 प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल (मप्र) से मुद्रित एवं सी-424, राजहर्ष कॉलोनी, साईं हिल्स के पास, कोलार रोड, भोपाल (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। फोन नं. 0755-3566067
e-mail: aksharsamrat@gmail.com इंटरनेट संस्करण www.aksharsamrat.com आरएनआई नंबर- MPHIN/2018/77268, स्थानीय संपादक -*सलीम तन्हा** ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक- **सुरेंद्र कुसमाकर'श्रीमाली'**, सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।